दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 13 | अंक : 101 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00 | टोंक | रविवार, 16 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी संवत्-2082 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



## बर्फीली हवा से ठिठुरा राजस्थान

### पारा 5 डिग्री पर पहुंचा, प्रदेश में शीतलहर चलने का अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ।** उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं से राजस्थान का तापमान और गिरा है। शनिवार को राज्य में पहली बार पारा 5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सीकर, अलवर, फतेहपुर (सीकर) समेत 10 से ज्यादा शहर ऐसे रहे, जहां इस सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज हुआ। बाड़मेर-फलोदी को छोड़कर सभी शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया।

मौसम केन्द्र जयपुर ने प्रदेश में अगले एक सप्ताह मौसम ड्राय रहने और सीकर, टोंक जिले में आज (15 नवंबर) और कल (16 नवंबर) कोल्ड-वेव (शीतलहर) चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

#### ऐसा रहा मौसम

सबसे कम तापमान सीकर के पास फतेहपुर में 5 और नागौर में 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इन दोनों शहरों में सुबह-शाम शीतलहर का प्रभाव रहा?, जिससे यहां रात में ठिठुरन रही। इसी तरह सीकर में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस, सिरोही में 8, दौसा में 6.9, करौली में 8.7, बारां में 9.5, झुंझुनूं में 9.3, चूरू में 8.2, अलवर में 8.5, पिलानी में 9.5 और वनस्थली (टोंक) में 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। अजमेर में न्यूनतम तापमान 10.5, भीलवाड़ा में 11.6, जयपुर में 12.6, चित्तौड़गढ़ में 11, जोधपुर में 11.1, उदयपुर में 12, जैसलमेर, बीकानेर में 13-13, हनुमानगढ़ में 12.5, बाड़मेर में 15.7 और गंगानगर में 10.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

#### अधिकांश शहरों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री से नीचे

राज्य में शुक्रवार को पश्चिमी जिलों को छोड़कर शेष अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर का रहा। बीकानेर में 30.8, जैसलमेर में 31, जोधपुर में 30.4, श्रीगंगानगर में 30.5, फलोदी में 30.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। चूरू में अधिकतम तापमान 29.7, जयपुर में 28.5, उदयपुर में 27.4, अजमेर में 29, भीलवाड़ा में 27.5, अलवर में 28.4, सीकर में 27, करौली में 27.3, प्रतापगढ़ में 27.1, बारां में 28.9, चूरू में 29.7 और चित्तौड़गढ़ में 29.7 डिग्री सेल्सियस रहा।

# बिहार ने जाति की राजनीति को ठुकराया : प्रधानमंत्री मोदी

बढ़ता राजस्थान

**सूरत (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने सूरत एयरपोर्ट पर शनिवार को बिहार के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार ने हाल के विधानसभा चुनाव में जाति की राजनीति को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा, जिन लोगों को हार मिली है, उन्हें इस सदमे से बाहर निकलने में महीनों लगेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार का टैलेंट दुनिया में हर जगह है। यहां के लोग दुनिया की राजनीति को समझते हैं। बिहार ने सांप्रदायिकता के जहर को ठुकरा दिया। एनडीए ने बिहार में 243 सीटों में से 202 जीती हैं। इससे पहले वे पंडोरी माता के मंदिर गए। पंडोरी माता को गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के आदिवासी समुदाय अपनी कुलदेवी मानते हैं। पीएम ने डेडियापाडा में 4 किमी लंबा रोड शो भी किया। इस दौरान आदिवासी समुदाय के हजारों लोग सड़क किनारे नजर आए। इसके बाद उन्होंने 9700 करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

#### पीएम बोले- जरूरी था मैं आपके बीच आकर इस विजय उत्सव का हिस्सा बनूं

पीएम मोदी ने कहा, बिहार ने ऐतिहासिक विजय हासिल की है। यदि मैं बिहार की जनता से मिले बिना सूरत छोड़ देता, तो हमारा यह सफर अधूरा रह जाता है। इसलिए, गुजरात में रहने वाले मेरे बिहारी भाई-बहन, विशेषकर सूरत में रहने वाले, इस अधिकार के हकदार हैं। यह मेरा स्वाभाविक दायित्व भी है कि मैं आपके बीच आकर इस विजय उत्सव का हिस्सा बनूं।

#### पीएम मोदी बोले- बिहार में विकास की तड़प दिखाई देती है

बिहार चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर पीएम मोदी ने कहा,इस चुनाव में विजयी एनडीए गठबंधन और पराजित महागठबंधन के बीच 10त्न वोटों का अंतर है। यह एक बहुत बड़ा अंतर है। इसका मतलब है कि आम मतदाता ने एक ही दिशा में वोट किया। और किस मुद्दे पर- विकास पर। आज बिहार में विकास की जो तड़प है, वह स्पष्ट दिखाई देती है।

#### मोदी ने कहा- बिहार का टैलेंट दुनिया में हर जगह

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार का टैलेंट दुनिया में हर जगह है। यहां के लोग दुनिया की राजनीति को समझते हैं। बिहार ने सांप्रदायिकता के जहर को ठुकरा दिया। पीएम बोले- मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस को देश अस्वीकार कर चुका

पीएम मोदी ने कहा, बिहार के लोगों ने एनडीए और उसके साथी दलों को भरपूर समर्थन दिया है। गठबंधन वाले प्रभावी इलाकों की 38 में से 34 सीटें एनडीए जीता। ये लोग झूठ फैलाते थे। ये एमएमसी मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस को देश अस्वीकार कर चुका है। कांग्रेस में जो राष्ट्रवादी लोग जिन्होंने इंदिरा-राजीव गांधी के साथ किया वो ये नामदारों के साथ काम करना नहीं चाहते हैं।



#### पीएम ने कहा- बिहार में विपक्ष के नेताओं को सदमे से निकलने में महीनों लगेंगे

पीएम मोदी ने कहा, जिन लोगों को बिहार में हार मिली है, उन्हें इस सदमे से बाहर निकलने में महीनों लगेंगे। इसकी वजह है कि बिहार में वो जमानती नेता घूम रहे थे, वो जातिवादी का भाषण देते रहते थे। उन्हें जातिवादी का जहर फैलाने की कोशिश की थी। बिहार के इस चुनाव ने जातिवाद के उस जगर को पूरी तरह से नकार दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात पहुंचे। उन्होंने कहा- मैं देश का पहला पीएम हूं, जो भगवान बिरसा मुंडा के घर गया था। उनके परिवार के लोगों के साथ मेरा मिलना जारी है। उन्होंने आगे कहा कि देश में 6 दशक तक राज करने वाली कांग्रेस ने आदिवासियों को उनके हाल पर छोड़ा था। यहां कुपोषण, स्वास्थ, सुरक्षा, शिक्षा का अभाव रहा।



## फरीदाबाद से जब्त विस्फोटक से श्रीनगर थाने में धमाका : 9 लोगों की मौत

### 32 घायल; सैम्पल लेते समय अमोनियम नाइट्रेट में ब्लास्ट हुआ

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार रात करीब 11:22 बजे बड़ा धमाका हुआ। 9 लोगों की मौत हो गई है, 32 लोग घायल हैं। इनका 92 आर्मी बेस और SKIMS सौरा हॉस्पिटल में इलाज जारी है।

अधिकारियों के मुताबिक, ब्लास्ट उस समय हुआ जब पुलिस व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल मामले में जब्त विस्फोटक के सैंपल ले रही थी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या पुलिस स्टेशन में पूरा 360 किलो विस्फोटक रखा गया था या फिर कुछ हिस्सा ही लाया गया था। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने कहा कि, यह एक हादसा था। सैंपलिंग के वक्त ब्लास्ट हुआ। मारे गए 9 लोगों में से एक इंस्पेक्टर, 3 फॉरेंसिक टीम मेंबर, 2 क्राइम ब्रांच फोटोग्रॉफर, 2 राजस्व अधिकारी और एक दर्जी शामिल है। दरअसल यह विस्फोटक हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के किराए के घर से जब्त किया गया था। गनई को दिल्ली ब्लास्ट केस में पहले ही अरेस्ट किया जा चुका है।

## बिहार में हार के बाद खड़गे के घर बैठक : राहुल गांधी भी मौजूद रहे

## कांग्रेस बोली- चुनाव में गड़बड़ी हुई, 2 हफ्तों में सबूत देंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस ने शनिवार को दिल्ली में पहली समीक्षा बैठक बुलाई। यह बैठक पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई, जिसमें राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और अजय माकन मौजूद रहे। बैठक में नेताओं ने चुनाव नतीजों की समीक्षा की, संगठन की कमियों पर चर्चा की और आगे की रणनीति को लेकर सुझाव दिए। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी अब समझने की कोशिश कर रही है कि बिहार में इतनी बड़ी हार क्यों हुई।

बैठक के बाद कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर चुनाव में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है।



कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी गड़बडियों के सबूत इकट्ठा कर रही है। 2 हफ्तों में देश के सामने रखेंगे।

दरअसल कांग्रेस ने इस चुनाव में 60 सीटों पर उम्मीदवार उतारे, लेकिन सिर्फ 6 सीटें जीत पाई। पार्टी का वोट शेयर 8.71त्न रह गया, जबकि 2020 में 70 सीटों पर चुनाव लड़ते हुए 19 सीटें जीती थीं और 9.6% वोट मिले थे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बिहार चुनाव नतीजों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अजय माकन ने भी कहा, चुनाव प्रक्रिया पर शुरू से ही सवाल हैं, इसलिए ऐसे नतीजे चौंकाने वाले हैं। कांग्रेस को 1984 में भी ऐसा स्ट्राइक रेट नहीं मिला था, जैसा इस बार बीजेपी को मिला है। कुछ तो गड़बड़ है। हमारे कार्यकर्ता लगातार बता रहे हैं कि कई जगह गड़बड़ियां हुई हैं।

माकन ने बताया कि गठबंधन के सभी दल इस नतीजे को अप्रत्याशित मानते हैं और इसकी जांच की मांग कर रहे हैं।



## सम्पादकीय

# अप्रत्याशित परिणाम, बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत



बिहार के चुनाव परिणाम कितने अप्रत्याशित हैं, इसका पता इससे चलता है कि भाजपा और जदयू के नेता भी ऐसी प्रचंड जीत का दावा नहीं कर रहे थे। राजग की जीत का आंकड़ा दो सौ के पार जाना यह बताता है कि बिहार की जनता ने भाजपा-जदयू के नेतृत्व वाले गठबंधन को फिर से सत्ता में लाने का मन बना लिया था। इसी कारण जिस मुकाबले को कांटे की टक्कर कहा जा रहा था, वह एकपक्षीय सिद्ध हुआ। इतनी जबरदस्त जीत का श्रेय भाजपा-जदयू समेत उसके अन्य सहयोगी दलों के बीच के बेहतर समन्वय के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से बनाए गए इस माहौल को भी जाता है कि बिहार का हित डबल इंजन सरकार ही अच्छे से साध सकती है। यदि नीतीश कुमार सत्ता विरोधी रुझान से अछूते रह सके तो केवल अपनी बेदाग छवि के कारण नहीं, बल्कि यह भरोसा जगाने के कारण कि राज्य के लिए जो कुछ किया जाना शेष है, वह वही कर सकते हैं। वह ऐसा संदेश देने में इसीलिए सफल रहे, क्योंकि उन्होंने बीते 20 वर्षों में बिहार की सूरत बदली है। राजग को चुनौती दे रहा विपक्षी खेमा भले ही खुद को महागठबंधन कहता हो, पर वह वैसे सामाजिक समीकरणों का नेतृत्व करते नहीं दिखा, जैसा जदयू, भाजपा और उसके सहयोगी दल करते दिखे। रही-सही कसर राजद-कांग्रेस के बीच की अनबन ने पूरी कर दी। इस अनबन के चलते 11 सीटों पर कथित मैत्री मुकाबला हुआ। इसके कारण पूरे बिहार में यह संदेश गया हो तो हैरानी नहीं कि महागठबंधन में एकजुटता का अभाव है। बिहार के नतीजे यह भी बता रहे कि विपक्षी दल पलायन, बेरोजगारी जैसे मुद्दों के सहारे जिस युवा वर्ग को अपने पाले में मान कर चल रहे थे, उसने भी उन्हें पीठ दिखाई। शायद इसलिए, क्योंकि महागठबंधन के लोक-लुभावन वादे कुछ ज्यादा ही हवा हवाई थे। नेताओं को यह समझना होगा कि उनके वादे लुभावने होने के साथ ही पूरे हो सकने वाले भी दिखने चाहिए। विजयी गठबंधन की एक बड़ी ताकत महिला मतदाता भी बनीं, जो पहले से ही नीतीश और मोदी के पक्ष में थीं। बिहार के नतीजों से यह भी साफ हो रहा है कि जंगलराज की कड़वी यादों ने महागठबंधन की लुटिया डुबोई होगी। जंगलराज के लिए तेजस्वी यादव को दोष नहीं दिया जा सकता, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि वे भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं। महागठबंधन की करारी हार का एक बड़ा कारण मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को वोट चोरी के मुद्दे में तब्दील किया जाना भी रहा। चुनाव आते-आते इस थोथे मुद्दे की हवा निकल गई। इसमें संदेह है कि विपक्ष बिहार के नतीजों से सबक सीखेगा, लेकिन राजग को अपनी प्रचंड जीत को इस रूप में अवश्य लेना होगा कि अब उस पर जन अपेक्षाओं का बोझ कहीं अधिक बढ़ गया है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 16 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1810 - निगवेल हिदाल्गो ने स्पेन से मैक्सिको की आजादी के लिए संघर्ष शुरू किया।
- 1821- मैक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता मिली।
- 1908 - जनरल मोटर्स निगम की स्थापना की गई।
- 1947 - टोक्यो के सईतामा में चक्रवाती तूफान कैथलीन से 1,930 लोगों की मौत हो गई।
- 1975 - केप वर्डे, मोजाम्बिक, साओ टोमे और प्रिंसिप संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
- पापुआ न्यू गिनी ने आस्ट्रेलिया से स्वतंत्रता हासिल की।
- 1995 - भारतीय मूल के वासुदेव पाण्डे त्रिनिदाद एवं टौबेगो के प्रधानमंत्री बने।
- 1997 - चीन के लोकतंत्र समर्थक नेता जिंग शेंग 18 वर्ष बाद रिहा किये गए।
- 1998 - कनाडा ने अपना यहाँ नागरिकता क़ानून को सख्त बनाया।
- 2000 - रूस द्वारा अंतरिक्ष केन्द्र मीर को डुबाने का फैसला।
- 2001 - अफग़ानिस्तान हेतु संयुक्त राष्ट्र के 21 सदस्यीय दल में भारत शामिल।
- 2002 - मुशर्रफ़ ने पांच साल के दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति पद की शपथ ली।
- 2006 - पाकिस्तान ने मध्यम दूरी के गौरी-ड्ड मिसाइल का सफल परीक्षण किया।
- 2007 - बंगाल की खाड़ी से उठे भीषण चक्रवाती तूफ़ान 'सीडर' ने बांग्ला देश में भीषण तबाही मचाई।
- वन टू गो एयरलांइस का विमान थाईलैंड में दुर्घटनाग्रस्त होने से 89 लोगों की मौत।
- 2008- स्टेट बैंक की हेवरा के 58 लाख रुपये की कज़र् माफ़ की। चन्द्रयान के लूनर लेजर रेजिंग उपकरण ने सफलतापूर्वक काम करना शुरू किया।
- 2013 - वाशिंगटन में एक बंदूकधारी ने नौसेना के एक शिविर में 12 लोगों की गोली मारकर हत्या की।

## विशेष आलेख

# प्रधानमंत्री मोदी की सोच, मैथिली की उड़ान-अब बोलेगा बिहार का युवा



डॉ नयन प्रकाश गांधी



मैथिली ठाकुर की ऐतिहासिक जीत और बिहार की युवाशक्ति की नई पहचान लोकप्रिय गायिका सबसे कम उम्र की युवी मैथिली ठाकुर ने हाल ही में बिहार विधानसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत के साथ अलीनगर सीट पर ऐतिहासिक विजय दर्ज की। इस जीत ने न केवल राज्य की राजनीति में नई जनशक्ति की शुरुआत की, बल्कि भाजपा के लिए युवाओं का गौरवशाली चेहरा भी प्रस्तुत किया। मात्र 25 वर्ष की आयु में वह बिहार विधानसभा की सबसे कम उम्र की विधायिका बनीं। युवा मैनेजमेंट विश्लेषक पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट डॉ नयन प्रकाश गांधी का मानना है कि अगर संभावित मंत्री या उपमुख्यमंत्री की लिस्ट में बहुमत से उनका अगर नाम निकले तो अतिशयोक्ति नहीं होगी जो युवा नेतृत्व की संभावनाओं को और बल देता है,जिसके पुरजोर रूप से प्रेरणास्रोत यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही है जिन्होंने आगे चलकर एक युवी को राजनीति क्षेत्र में मौका दिया ,क्योंकि विश्व के प्रभावशाली इंफ्यूएंसर में शामिल प्रधानमंत्री महोदय ने मैथिली की लोकप्रियता को समय पूर्व भाप लिया था और ईश्वर को भी यही स्वीकार था कि मा शारदे ,सरस्वती जिनकी वाणी में हो वही बिहार में एक युवी बेटी के रूप में युवा शक्ति के लिए प्रेरणा स्रोत की मिसाल बने ।

**पारिवारिक पृष्ठभूमि और शुरुआती जीवन :** मैथिली ठाकुर का जन्म 25 जुलाई 2000 को बिहार के मधुबनी जिले के बेनीपट्टी कस्बे में एक पारंपरिक मैथिल परिवार में हुआ। उनके पिता रमेश ठाकुर संगीत शिक्षक और कलाकार हैं, जबकि उनकी माता भारती ठाकुर एक गृहणी हैं। उनके दोनों भाई भी संगीत में निपुण हैं, और यह सभी मिलकर एक चर्चित संगीत-त्रयी के रूप में पहचाने जाते हैं। परिवार के संस्कारों और संगीत-प्रेम से प्रेरित होकर, मैथिली ने अपने पिता और दादा से लोक संगीत, शास्त्रीय संगीत, हारमोनियम और तबला सीखा। छः वर्ष की आयु में बेहतर अवसर हेतु उनके पिता ने दिल्ली स्थानांतरण का निर्णय लिया, जहां मैथिली ने औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ विविध सांस्कृतिक आयोजनों में मंचीय प्रस्तुति देना शुरू किया।

**कला से राजनीति तक :** मैथिली ठाकुर की कला यात्रा टी.वी. रियलिटी शो और सोशल मीडिया के जरिए देशभर में प्रसिद्ध हुई। उनकी प्रस्तुतियां, छठ गीत और पारंपरिक लोक रचनाएं लोगों के दिलों में गहरे उतर गईं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से मैथिली ने राजनीति में भारतीय जनता पार्टी का आमंत्रण स्वीकार किया और अपनी सोशल मीडिया की लोकप्रियता से जन जन से जमीनी जुड़ाव से अलीनगर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा। पारंपरिक राजनीतिक परिवार से न होने और आंतरिक विरोध के बावजूद उन्होंने निर्णायक जीत हासिल की।

**भाजपा में नेतृत्व और सशक्तिकरण :** भाजपा में मैथिली ठाकुर एक युवा, प्रतिभावान और सामाजिक संवाद की प्रतीक बनकर उभरी हैं। वह अपने क्षेत्र की पहली युवी विधायक बनीं और उनकी लोकप्रियता, युवाओं के बीच मजबूत जुड़ाव तथा संगीत के माध्यम से सामाजिक सशक्तिकरण में भूमिका उल्लेखनीय रही। चुनावी अभियान के दौरान उन्होंने नारी शिक्षा, मिथिला पेंटिंग को पाठ्यक्रम में शामिल करने जैसे ठोस वादे किए, जिससे महिला सशक्तिकरण और सामाजिक नवाचार को नई ऊर्जा मिली।

**बिहार के लिए महत्व और सामाजिक संदेश :** मैथिली ठाकुर का विधायक और सबसे कम उम्र की संभावित कैबिनेट मंत्री या उपमुख्यमंत्री बनना बिहार में युवा नेतृत्व के उभरने की कहानी है। एक कला और लोकसंस्कृति से जुड़ी युवा शक्ति एक छोटी सी बेटी का बिहार विधानसभा तक पहुंचना यह दर्शाता है कि आज के युवाओं में प्रशासनिक नेतृत्व और सामाजिक संवेदनशीलता दोनों मौजूद हैं। बिहार की परंपरा में बदलाव की यह मिसाल राज्य ही नहीं, पूरे देश एवं विश्व के लिए प्रेरणा है। मैथिली ठाकुर अब युवाओं और बेटियों की नई पहचान बन चुकी हैं।मैथिली ठाकुर की जीत और उनकी सबसे कम उम्र की संभवतः मंत्री या राज्य की उपमुख्यमंत्री बनने की संभावना भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिदृश्य में एक नई सोच और प्रयोग का प्रतीक है। उनकी कहानी यह दिखाती है कि बेटियां अब पारंपरिक सीमाओं को पार करते हुए नेतृत्व और सेवा दोनों में आगे बढ़ रही हैं। मैथिली के नेतृत्व में निश्चिंत रूप से बिहार और भाजपा को नई दिशा मिलेगी और युवा शक्ति का संदेश दूर-दूर तक पहुँचेगा। राजस्थान में अगर एक साधारण कार्यकर्ता जो पहली बार मुख्य भूमिका में राज्य के राजनीति में आया और उन्हें मुख्यमंत्री पद का तोहफा मिल सकता है तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी कि यशस्वी प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री अमित शाह की की सबसे खास एवं प्रशंसित बेटी मैथिली युवी विधायिका से अब युवी राज्य की कैबिनेट मंत्री या उप मुख्यमंत्री बन जाए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। पारिवारिक जीवन में आपको सावधानी बरतनी होगी। बिजनेस को लेकर कोई अच्छी डील आपको मिल सकती हैं।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। नौकरी में आपको प्रमोशन आदि मिल सकता है, लेकिन किसी दूर रहने पर परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिलेगी।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है, लेकिन आपने यदि किसी अजनबी पर भरोसा किया, तो वह आपको धोखा दे सकता है, इसलिए आप किसी को धन उधार देने से बचें।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। दांपत्य जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी और आपका कोई काम यदि पेंडिंग पड़ा हुआ था, उसे भी पूरा करने की कोशिश करेंगे।

**सिंह**

आज आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे और अपने घर की साज-सज्जा पर पूरा ध्यान देंगे। धर्म-कर्म के कार्यों में भी आपके काफी रुचि रहेगी और आपको अपनी शौक-मौज की चीजों की खरीदारी पर भी अच्छा खर्चा करेंगे।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए यश और कीर्ति को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको जरूरत के हिसाब से खर्च करना बेहतर रहेगा। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है, जिसे आप पूरा अवश्य करेंगे।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए बढिया रहने वाला है। विद्यार्थियों को शिक्षा में अच्छी सफलता मिलेगी और पार्टनरशिप में काम करना भी आपके लिए अच्छा रहेगा। आप एक बजट प्लान करके चलेंगे, जिससे आप किसी सेविंग को करने में भी सफल रहेंगे।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है, उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। आपको कुछ और खर्च पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। किसी सामाजिक आयोजन में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपका प्रॉपर्टी को लेकर कोई वाद-विवाद चल रहा था।

**मकर**

आज आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से सजग रहने की आवश्यकता है। कुछ अनचाहे खर्च हो सकते हैं, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।

**कुंभ**

आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढिया रहने वाला है। रोजगार के भी नए अवसर प्राप्त होंगे और आपको अपनी सेहत को लेकर एतियात बरतनी होगी।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। कारोबार में स्थिति पहले से बेहतर रहेगी, लेकिन आप किसी से पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करें और जीवनसाथी से चल रही अनबन भी दूर होगी।

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस - लोकतंत्र का चौथा स्तंभ और अभिव्यक्ति की आत्मा



संजय खाबिया

*विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के साथ प्रेस वह स्तंभ है जो व्यवस्था को संतुलित रखता है। जब सरकार चूकती है, तो प्रेस जनता की आवाज़ उठाता है; जब समाज भूल करता है, तो प्रेस उसे आईना दिखाता है; और जब अन्याय होता है।*

हर वर्ष 16 नवम्बर को पूरे देश में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत की स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रेस की पहचान को सम्मान देने के लिए समर्पित है। प्रेस न केवल समाचार देने का माध्यम है, बल्कि समाज का दर्पण भी है, जो अच्छाइयों को दिखाता है, बुराइयों पर प्रश्न उठाता है और जनता की आवाज़ को सत्ता तक पहुँचाता है।

**प्रेस दिवस का इतिहास :** 16 नवम्बर 1966 को भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य था - यह सुनिश्चित करना कि प्रेस की स्वतंत्रता बनी रहे, और साथ ही वह अपनी जिम्मेदारी और मर्यादा का पालन करे। इसी दिन की स्मृति में हर साल राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है। भारतीय प्रेस परिषद एक प्रहरी की तरह कार्य करती है जो न केवल पत्रकारिता के उच्च मानदंड तय करती है बल्कि गलत सूचनाओं और पक्षपातपूर्ण समाचारों से समाज की रक्षा भी करती है।

**प्रेस - लोकतंत्र का चौथा स्तंभ :** भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में प्रेस को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के साथ प्रेस वह स्तंभ है जो व्यवस्था को संतुलित रखता है। जब सरकार चूकती है, तो प्रेस जनता की आवाज़ उठाता है; जब समाज भूल करता है, तो प्रेस उसे आईना दिखाता है; और जब अन्याय होता है, तो प्रेस ही सत्य की मशाल जलाकर आगे बढ़ता है।

**आधुनिक युग में प्रेस की बदलती भूमिका :** आज पत्रकारिता केवल अखबारों तक सीमित नहीं रही। डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया और न्यूज़ पोर्टल्स ने सूचना के प्रसार का स्वरूप ही बदल दिया है। अब एक समाचार सेकंडों में देश-विदेश तक पहुँच जाता है। परंतु इस बदलाव के साथ जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। फेक न्यूज, भ्रामक सूचनाएं और सनसनीखेज खबरों के बीच सच्ची पत्रकारिता का मूल्य और भी महत्वपूर्ण हो गया है।

जिम्मेदार पत्रकारिता - समय की मांग

पत्रकार का कार्य केवल समाचार देना नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा दिखाना भी है। एक सच्चा पत्रकार वही है जो बिना भय और बिना पक्षपात के सत्य को सामने लाता है। उसे यह समझना चाहिए कि उसका हर शब्द समाज पर प्रभाव डालता है इसलिए शब्दों का चयन विवेक और ईमानदारी से होना चाहिए।

**प्रेस दिवस का संदेश :** राष्ट्रीय प्रेस दिवस हमें याद दिलाता है कि प्रेस की स्वतंत्रता और सत्य के प्रति निष्ठा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है। पत्रकारों को चाहिए कि वे निष्पक्षता, ईमानदारी और मानवता के सिद्धांतों पर चलते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएँ। सरकार और नागरिक - दोनों को मिलकर प्रेस की आज़ादी की रक्षा करनी चाहिए, क्योंकि यह आज़ादी ही लोकतंत्र की असली आत्मा है।

प्रेस न केवल खबरें देता है, बल्कि जनभावनाओं को स्वर देता है, न्याय की मांग उठाता है और समाज को सोचने पर मजबूर करता है। आज के दिन हम सभी को उन पत्रकारों को नमन करना चाहिए जो कठिन परिस्थितियों में भी सच्चाई की लौ जलाए रखते हैं।

बढ़ता राजस्थान

## मात्र पांच प्रश्नों की कुंजी



रूपक शर्मा
संपादकीय प्रभारी
अलवर संस्करण

एक जमाना था जब हम छोटी क्लास में पढ़ाई करते थे तो हम कुंजी का जिक्र जरूर करते थे। उसे दौरान के पढने वाले सभी स्कूली छात्र जानते होंगे की कुंजी का मतलब होता था कि जो नहीं आता यह जो प्रश्न का उत्तर नहीं मिल रहा वह कुंजी में मिल जाएगा। कुंजी का मतलब भी चाबी है जब दिमाग का ताला बंद हो जाए तो एक चाबी है उससे दिमाग को खोला जा सकता है इसी प्रकार जब कहीं उलझन हो तो कुंजी ही काम आती है। अब मन में प्रश्न उठते हैं की कुंजी आखिर कैसी होनी चाहिए? कुंजी ऐसी हो जो हमें हर परीक्षा में उत्तीर्ण करवा दे,जीवन में सबसे बड़ी परीक्षा आईएएस की मानी जाती है भारतीय प्रशासनिक सेवा उसके सॉल्व पेपर भी आते हैं उन्हें भी सरल भाषा में हम कुंजी कह सकते हैं और यदि उसको पढने के बाद सफलता हासिल हो गई और कलेक्टर बन भी गए,तो मैं कहूंगा कि जिसने यह कुंजी नहीं पढ़ी वह 200 प्रतिशत फेल है । चाहे वह कलेक्टर या एसपी ही क्यों न बन बैठा हो और अचरज देखिए उस कुंजी में मात्र पाँच प्रश्न हैं लेकिन इंसान मोटी-मोटी किताबें पढ़ लेता है लेकिन जीवन की उस परीक्षा में ये पाँच प्रश्नों के उत्तर दे ही नहीं पाता है इसलिए एण्ड़ में फेल हो जाता है। इस कुंजी में पाँच ही प्रश्न हैं लेकिन उन प्रश्नों का उत्तर हमें स्वयं खोजना होता है सिर्फ पांच प्रश्न है और उसका उत्तर हमारे अंदर की कुंजी जिसे हम आत्मीय चाबी भी कह सकते हैं वही दे सकती है वे पाँच प्रश्न है। मैं कौन हूं ?मैं आया कहां से हूं ? मैं कर क्या रहा हूं ? मुझे करना क्या चाहिए? और मुझे जाना कहां है? बस यदि यह 5 प्रश्न हमने कर लिए तो हम चाहे नीचे कलेक्टर की जगह चाहे प्राईवेट चपरासी ही क्यों ना बन जाएं लेकिन जीन्दगी की असली परीक्षा में हमें पास होने से कोई नहीं रोक सकता।

## हैल्थ टिप्स
बढ़ता राजस्थान

# वायु प्रदूषण से बचाव के लिए घर में लगाएं ये इंडोर प्लांट्स, मिलेगी शुद्ध और ताजी हवा

इन दिनों दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर काफी ज्यादा बढ़ गया है। इस खतरनाक प्रदूषण में घर से बाहर ही नहीं, बल्कि घरों के भीतर भी लोगों को सांस लेना मुश्किल हो गया है। इस प्रदूषित हवा का हमारे स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ रहा है। साथ ही, फेफड़ों को भी नुकसान पहुंच रहा है। ऐसे में, जरूरी है कि आप कम से कम घर में हवा को साफ और शुद्ध बनाकर रखें। अगर आप भी प्रदूषित हवा से परेशान हैं, तो अपने घर में कुछ पौधे लगा सकते हैं। तो आइए, जानते हैं कुछ ऐसे इंडोर प्लांट्स, जो घर की हवा को साफ करते हैं -

**पीस लिली :** अगर आप घर के अंदर प्रदूषण को कम करना चाहते हैं, तो आप पीस लिली को अपने घर के कॉर्नर में सजा सकते हैं। यह एक खूबसूरत फूलों वाला पौधा है, जो घर की शोभा को बढ़ाने में भी मदद करता है। यह घर के अंदर की हवा को शुद्ध करने के साथ ही वातावरण को ठंडा और बनाए रखने में भी मदद करता है।

**ऐरेका पाम :** आजकल मॉडर्न घरों में आपको एरेका पाम प्लांट आसानी से मिल जाएगा। यह न केवल घर की सुंदरता और शोभा को बढ़ाता है, बल्कि इसे लगाने से घर में साफ हवा भी मिलती है।

**स्नेक प्लांट्स :** आप घर की हवा को साफ और शुद्ध बनाने के लिए स्नेक प्लांट्स लगा सकते हैं। यह हवा से टॉक्सिंस का सफाया कर उसे साफ बनाने में मदद करता है। स्नेक प्लांट रात में भी ऑक्सीजन छोड़ता है और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करता है, जिससे घर का वातावरण साफ-सुथरा बना रहता है।

## प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने फूल उत्कृष्टता केन्द्र का किया औचक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा )।** राज्य के वित्त, आबकारी एवं कराधान विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने शनिवार को सवाई माधोपुर जिले के दौरे के दौरान फूल उत्कृष्टता केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र में विकसित की जा रही ग्लेडियोलस, रजनीगंधा, गुलदाउदी एवं गेंदा की विभिन्न उन्नत प्रजातियों का गहन अवलोकन किया। इस अवसर पर उप निदेशक उद्यान लखपत लाल मीणा ने केन्द्र की गतिविधियों, अनुसंधान कार्यों और नवाचारों की विस्तृत जानकारी दी। गालरिया ने रजनीगंधा की खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाकर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसान अधिकाधिक आधुनिक तकनीक अपनाकर उत्पादन में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने केन्द्र की कार्यप्रणाली को सराहते हुए इसके विस्तार और उपयोगिता बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया।निरीक्षण के दौरान कृषि अनुसंधान अधिकारी किशन लाल गुर्जर, सहायक निदेशक उद्यान ब्रजेश कुमार मीना, कृषि अधिकारी रामजीलाल मीना सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध रूप से यूरिया विक्रय पर कार्रवाई, किसान एग्रो मार्ट करमोदा का उर्वरक लाइसेंस निलंबित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा )।** सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) सवाई माधोपुर द्वारा 14 नवम्बर को किए गए औचक निरीक्षण में मैसर्स किसान एग्रो मार्ट, करमोदा द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के कई प्रावधानों के उल्लंघन का मामला सामने आया।

निरीक्षण में पाया गया कि फर्म प्रतिष्ठान स्थल के अतिरिक्त वाहन फिटनेस सेंटर करमोदा पर अवैध रूप से यूरिया उर्वरक का वितरण/विक्रय कर रही थी। कार्रवाई के दौरान 85 बैग (45 किलोग्राम प्रति बैग) यूरिया को मौके पर ही जब्त कर फर्म के अधिकृत प्रतिष्ठान पर सुरक्षित सुपुर्दगी में दिया गया। साथ ही मूल्य सूची, डिस्प्ले बोर्ड, स्टॉक रजिस्टर एवं स्टॉक पोजीशन समय पर अनुज्ञापन अधिकारी को नहीं भेजे जाने को भी उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 4, 5 और 35 का स्पष्ट उल्लंघन माना गया। उक्त गंभीर अनियमितताओं को ध्यान में रखते हुए अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) राकेश कुमार अटल ने उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 31 के तहत फर्म का खुदरा उर्वरक अनुज्ञा पत्र (एफआर/2024-25/29197) तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक निलंबित कर दिया है।

## एक ही भवन के परिसर में संचालित तीन संस्थाएं



बढ़ता राजस्थान

**टोंक/ नगर फोर्ट (कमलेश गौतम)।** तहसील मुख्यालय नगर फोर्ट में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के भवन में तीन संस्थाएं संचालित है पिछली सरकार में क्रमोन्नत हुई बालिका माध्यमिक से उच्च माध्यमिक बालिका( महात्मा गांधी) अंग्रेजी माध्यम,राजकीय कन्या महा विद्यालय ओर स्थानीय उच्च माध्यमिक विद्यालय संचालित है । उच्च माध्यमिक विद्यालय सुबह की पारी में,बालिका विद्यालय दूसरी पारी में संचालित हे क्योंकि बालिका विद्यालय का भवन जगह जगह से क्षतिग्रस्त होने से जिला कलेक्टर टोंक ने उक्त भवन को जमीदोज करने के आदेश फरमा रखे है। साथ ही बालिका महा विद्यालय का नया भवन लग भग बनकर तैयार है लेकिन उद्घाटन ओर हैंड ओवर के अभाव में बालिका महा विद्यालय भी उच्च माध्यमिक विद्यालय के भवन में ही संचालित है।

## तहसील मुख्यालय नगर फोर्ट में शॉर्ट शर्किट से लगी आग, लाखों का सामान खाक



बढ़ता राजस्थान

**टोंक/ नगर फोर्ट (कमलेश गौतम)।** कस्बे के मुख्य बस स्टैंड के समीप स्थित पिंटू गारमेंट्स के नाम से संचालित रेडीमेड और जनरल स्टोर की दुकान में बिजली के शॉर्ट शर्किट से आग लग गई दुकान मालिक राम स्वरूप ( पिंटू ) ने बताया कि उसके रेडीमेड और जनरल स्टोर की दुकान हे जिसमें कपड़े और जूते चप्पल सहित कई तरह के सामान रखते है अचानक शॉर्ट शर्किट से आग लग गई जिसमें करीब 10 लाख के सामान जल कर राख हो गए आग पर मोहल्ले वासियों ओर परिवार जनों की मदद से बड़ी मुश्किल से काबू पाया लेकिन जब तक बहुत बड़ा नुकसान हो चुका था दुकान मालिक ने प्रशाशन से यथा संभव मदद की गुहार की है।

## चौधरी वीर तेजा सेना के जिला महामंत्री बने

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी) ।** वीर तेजा सेना राजस्थान के जिलाध्यक्ष शंकर लाल चौपड़ा ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला महामंत्री के पद पर मुकेश चौधरी पराना को मनोनीत किया है। संगठन के जिलाध्यक्ष शंकर लाल चौपड़ा ने बताया कि मुकेश चौधरी ने समाज के प्रति सदैव उत्कृष्ठ सेवाएँ दी है। गैर राजनीतिक रूप से समाज सेवा के निष्ठा



और जज्बे को देखते हुये जिला महामंत्री के पद पर मनोनीत किया है।

भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती

# भगवान बिरसा मुंडा महान स्वतंत्रता सेनानी एवं महान समाज सुधारक थे-कन्हैया लाल चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)** ।भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती के अवसर पर शनिवार को टोंक में जिला स्तरीय ''जनजातीय गौरव दिवस'' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। श्री चौधरी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक थे, जिन्होंने अंग्रेजी हुकुमत और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई।

उन्होंने आदिवासी शोषण का विरोध किया और भूमि, जंगल और पारंपरिक अधिकारों के लिए जनजातीय समुदाय के लोगों को जागरुक किया। श्री चौधरी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायक भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी भाई-बहिनों के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

संबोधन के पश्चात मंत्री चौधरी ने स्वदेशी अपनाने एवं नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई। साथ ही जनजातीय समुदाय विकास के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं हेतु राज्य स्तरीय पुस्तिका आदि किरण का विमोचन किया। इस दौरान देवली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर, जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, सीईओ परशुराम धानका, जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, नरेश बंसल, प्रभु बाडोलिया समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहें।




### पीएम और सीएम के संबोधन का हुआ लाइव प्रसारण

कृषि ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में गुजरात के नर्मदा जिले में आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय समारोह से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं डूंगरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के उद्बोधन का लाइव प्रसारण हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा व जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजली अर्पित की।

### प्रदर्शनी का किया अवलोकन

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री चौधरी ने भगवान बिरसा मुंडा सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही राजीविका, महिला अधिकारिता, कृषि एवं उद्योग विभाग द्वारा लगाई गई विभागीय स्टॉल पर कार्मिकों को इसे ग्रास स्तर तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

### शोभायात्रा को दिखाई हरी झंडी

जनजातीय गौरव दिवस के तहत पटेल सर्किल से कृषि ऑडिटोरियम तक निकाली गई शोभा यात्रा को जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गाजे-बाजे और उत्साह के साथ शोभायात्रा में जनप्रतिनिधि, आमजन विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, अधिकारी कार्मिक शामिल हुए।

## कर्मचारी महासंघ की संघर्ष चेतना यात्रा पहुंची टोंक, सरकार को दी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)** । राजस्थान में एक बार फिर कर्मचारी सडक़ पर उतर गए है। ऐसा लग रहा है कि अब प्रदेश की भजनलाल सरकार की गुड गवर्नेंस की योजना खटाई में पड़ती हुई नजर आ रही है।राजकीय अधीनस्थ कर्मचारी अपनी सालों लंबित पदोन्नतियों सहित कई मांगों को लेकर प्रदेशभर में अब संघर्ष चेतना यात्रा का आगाज किया गया है। आज संघर्ष चेतना यात्रा अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा के नेतृत्व में टोंक पहुंची । प्रांतीय कर्मचारी संघ के नेताओं का जिला मुख्यालय के डाक बंगला में राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह नरूका के नेतृत्व में सभी घटक संगठनों से जुड़े राजकीय कर्मचारियों ने स्वागत कर बैठक आयोजित की। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा ने कहा कि देश की केंद्र सरकार और राज्य सरकार कर्मचारियों के हितों पर कुठाराघात कर रही है, प्रदेश के सभी घटक संगठन मिलकर पदोन्नति विसंगति दूर करने, एनपीएस पुनः लागू करने के आदेश रद्द करने, ओपीएस से छेड़छाड़ बंद करने, समेंत 11 सूत्री मांग पत्र लागू करने की मांग को लेकर प्रदेश भर में संघर्ष चेतना यात्रा शुरू की है। हम एक विशाल रैली करेंगे अगर फिर भी सरकार सुध नहीं लेगी तो 8लाख शिक्षकों के पिछे 8 करोड़ प्रदेश की जनता खड़ी है। सरकार ने प्रदेश में इतना भयावह और तनावपूर्ण वातावरण बना रखा कि कर्मचारियों का तो सार्वजनिक और सामाजिक जीवन की छिन लिया है। सरकार के आने के बाद दो साल से अभियानों के अलावा कुछ नहीं किया है।



## जिला प्रमुख सरोज बंसल ने की दी ऑल न्यू हुंडई वेन्यू लांच, टोंक में बिक्री शुरू

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)** । हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की और से अदिति हुंडई टोंक पर न्यू हुंडई वेन्यू को जिला प्रमुख सरोज बंसल द्वारा लांच किया गया । जिला प्रमुख ने लांच के साथ ही इसे आज से टोंक में इसकी बिक्री की घोषणा की और 3 ग्राहको को चाबियाँ सौंपी। इस अवसर पर डीलर प्रिंसिपल राजीव सिंघल समाजसेवी नरेश बंसल सहित अदिति हुंडई का पूरा स्टाफ उपस्थित था । अदिति हुंडई के सी ई ओ राहुल सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड द्वारा समय समय पर ग्राहको की सुविधा को देखते हुए अपनी कार में चेंज करती रहती है।

उन्होंने कहा न्यू हुंडई वेन्यू में डीज़ल में पहला ऑटोमैटिक वैरिएंट हे इसके अलावा और भी आकर्षक फीचर हे जैसे डार्कक्रोम रेडियटर ग्रिल ,क्वाड बीम हेडलाइट लैम्प्स स्पेशियस केबिन है। इसके अलावा इसमें कॉन्ट्रास्ट रेड हाइलाइट के साथ रेड ब्रेक कैलिपर, डार्क क्रोम ग्रिल इंसर्ट और डुअल टिप एग्जॉस्ट जैसे बदलाव शामिल हैं। वहीं, केबिन में ऑल ब्लैक कलर थीम के साथ एन लाइन-स्पेसिफिक स्टीयरिंग व्हील पर रेड डिटेलिंग, लेदरेट सीट अपहोल्स्ट्री और रेड एम्बिएंट लाइटिंग मिलेगी। जिला प्रमुख सरोज बंसल और नरेश बंसल ने अदिति हुंडई के डीलर और स्टाफ को शुभकामनाएं देते हुए कहा की न्यू हुंडई वेन्यू ऑटोमोबाइल्स की दुनिया में अपना विशिष्ट स्थान बनाएगी। अदिति हुंडई के सेल्स मैनेजर कुणाल जांगिड ने सभी आगुंतकों को धन्यवाद दिया।



# नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल चौधरी का अतिक्रमण पर एक्शन, शहर में दूसरे दिन हटाया अस्थाई अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)**। शहर में सडक़ किनारे दिनों-दिन बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल चौधरी एक्शन मोड में आ गए है। शहर के मुख्य मार्ग पर फूटपाथ पर थडिया लगाकर अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमियों पर पिछले दो दिनो से लगातार कार्रवाई जारी है। आज दूसरे दिन भी शहर के छावनी चौराहे से बस स्टैंड, बम्बोर रोड़ अण्डरपास तक नगर परिषद के अतिक्रमण दस्ते के राजस्व अधिकारी सौरभ गर्ग के नेतृत्व में बुल्डोजर से अवैध कैबिनों,थडियों और अस्थाई अतिक्रमण को ध्वस्त कर सामान को जप्त किया गया। आज सुबह भी नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक सौरव गर्ग के नेतृत्व में अतिक्रमण दस्ते सआदत हॉस्पिटल से एमसीएच हास्पिटल तक अवैध केबिनों को चिन्हित लावारिस केबिनों को ध्वस्त करने ओर मौके पर मौजूद केबिन मालिकों को केबिन तुरंत हटाने का अल्टीमेटम दिया, करीब 3 बजे बस स्टैंड से बंबोर रोड तक तसडक़ किनारे रखी लावारिस केबिने तोडऩे के दौरान अतिक्रमियों ने बखेड़ा खड़ा कर दिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, लेकिन नगर परिषद के अतिक्रमण दस्ते ने अपनी कार्रवाई लगातार जारी रखी है। राजस्व अधिकारी सौरभ गर्ग ने बताया कि हाईकोर्ट की ओर से सडक़ सुरक्षा को लेकर आदेश जारी किए थे जिसमें राजस्थान सरकार के गृह विभाग ने भी आदेश जारी कर सडक़ किनारे अतिक्रमण को तुरंत प्रभाव से हटाने के लिए निर्देशित किया है। इन आदेशों की पालना में लगातार नगर परिषद की ओर से कार्रवाई जारी है। राजस्व अधिकारी सौरभ गर्ग ने सडक़ दुर्घटनाओं का भी हवाला देते हुए कहा कि शहर में भी ऐसी घटनाएं ना हो इसके लिए लगातार कार्रवाई जारी है। पिछले दिनों जयपुर से लेकर जैसलमेर, जोधपुर में बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी है ऐसे में टोंक शहर में कोई बड़ी दुर्घटना ना हो इसके लिए आज अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।



जनजातीय गौरव दिवस पर जिला स्तरीय समारोह

# बिरसा मुंडा का संघर्ष विघटनकारी ताकतों के खिलाफः भडाना

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा )।** धरती आबा बिरसा मुण्डा का जीवन त्याग, समर्पण और बलिदान की प्रेरणा देता है। हमें भी उनके पद-चिन्हों पर चलते हुए जाति, धर्म, भाषा के आधार पर चलते हुए अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करना चाहिए। यह कहना है राजस्थान राज्य देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाना का। वह बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

सवाई माधोपुर के राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में इस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनजातीय समाज की गौरवशाली परंपरा, संस्कृति और योगदान को प्रदर्शित करने वाले विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान डूंगरपुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण भी किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला प्रमुख सुदामा मीना, जिला कलक्टर काना राम, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनिवाल, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, पंचायत समिति प्रधान संघ की अध्यक्ष नारंगी मीना सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और आमजन उपस्थित रहे। जिला स्तरीय कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलक्टर काना राम ने कहा कि भारत सरकार के निर्देश पर संचालित किए जा रहे जनजातीय गौरव वर्ष के दौरान सवाई माधोपुर जिले में 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान 118 ग्राम पंचायतों के 181 गांवों में जनजातीय परिवारों को केन्द्र तथा राज्य सरकारों के 17 विभिन्न विभागों की 25 योजनाओं से लाभान्वित करने का अभियान चलाया गया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा ने शनिवार सुबह सवाई माधोपुर शहर में धरती आबा बिरसा मुण्डा के संघर्ष और बलिदान को याद करने तथा जनजातीय समाज की वीरता, आत्मसम्मान और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को नमन करने के उत्सव के रूम में स्थानीय पुलिस लाइन पर एक शोभायात्रा को हरी झण्डी दिखाई। यह शोभायात्रा कलक्ट्रेट सर्किल, अम्बेडकर सर्किल, ट्रक यूनियन मार्ग से होती हुई पुलिस लाइन पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में सवाई माधोपुर नगर परिषद सभापति सुनील तिलकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा स्कूली बच्चे और स्थानीय लोग शामिल हुए। इस दौरान बिरसा मुण्डा की जयकार के नारे लगाये गये तथा जनजातीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।



# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर पदयात्रा से युवाओं ने दिया एकता व अखण्डता का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन व मेरा युवा भारत श्रीगंगानगर द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती श्रृखलांतर्गत जिला स्तरीय यूनिटी मार्च पदयात्रा का आयोजन शनिवार को ज़िला मुख्यालय पर किया गया।

कार्यक्रम में श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी, शरणपालसिंह मान, जिला कलक्टर डॉ. मंजू, ज़िला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन, अतिरिक्त ज़िला कलक्टर सुभाष कुमार, सीईओ ज़िला परिषद श्री गिरधर बेनीवाल के नेतृत्व में कार्यक्रम का आगाज महाराजा गंगा सिंह चौक पर हुआ। अतिथियों द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित कर युवाओं को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर विकसित व आत्मनिर्भर भारत बनाने में योगदान का आह्वान किया गया।

पदयात्रा महाराज गंगासिंह चौक से प्रारंभ होकर भगत सिंह चौक, बीरबल चौक, सुखाड़िया सर्किल,



मीरा चौक, चहल चौक होते हुए अंधविद्यालय सभागार पहुंची। पदयात्रा उपरांत युवाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अनेकता में एकता का संदेश दिया गया। यूनिटी मार्च के दौरान महापुरूषों एवं स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित किये गये। इस दौरान युवाओं ने तिरंगे से देशभक्ति व एकता का संदेश दिया। ज़िला समन्वयक एनएसएस डॉ. मधु वर्मा ने बताया कि पदयात्रा में एनएसएस, मेरा युवा भारत, एनसीसी, हिंदुस्तान व भारत स्काउट गाईड, शिक्षा व उच्च शिक्षा विभाग के युवा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य शामिल रहे।

समापन कार्यक्रम में शरणपाल सिंह मान द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर भारत में सक्रिय योगदान देने का आह्वान करते हुए आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिलाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा बने प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। उपनिदेशक श्री भूपेन्द्र सिंह शेखावत ने धन्यावद ज्ञापित करते हुए नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में एएसपी रामेश्वर लाल, जिला परिषद एसीईओ हरिराम चौहान, विजय कुमार, सीडीईओ गिरिजेशकांत शर्मा, श्री प्रदीप धेरड़, मुकेश गोदारा, श्री कमल सहारन, सीओ हिंदुस्तान स्काउट श्री संदीप माँझू, श्री धर्मवीर डुडेजा, श्रीमती चेष्टा सरदाना, भीम कासनिया, श्री भगवान सेवटा सहित अन्य उपस्थित रहे। मंच संचालन मीनाक्षी आहूजा द्वारा किया गया।

# जिले में 8 लाख से अधिक ईएफ फॉर्म वितरित

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना प्रपत्र वितरण प्रारंभ हो गया है। जिले में अब तक 93.94 प्रतिशत गणना प्रपत्र बीएलओ की ओर से घर-घर जाकर वितरित किए गए हैं। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 853788 हैं, जिसमें से 802020 मतदाताओं को ईएफफॉर्म का वितरण किया जा चुका हैं। बीएलओ 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरवाने के कार्य कर रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी अल्पा चौधरी ने जिले के मतदाताओं से अपील की है कि इसमें हर मतदाता को भागीदारी निभानी चाहिए। वे 4 दिसंबर तक अपनी एक नवीनतम रंगीन फोटो एवं आवश्यक सूचनाओं के साथ भरा हुआ गणना प्रपत्र अपने बीएलओ को जमा करा कर स्वच्छ एवं सही मतदाता सूची निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें।

### विधानसभा वाइज प्रपत्र वितरण

जिले में मतगणना प्रपत्रों का सिरोही विधानसभा में 89.02 प्रतिशत, रेवदर विधानसभा में 94.46 प्रतिशत, पिंडवाड़ा आबू विधानसभा में 99.71 प्रतिशत मतदाताओं को परिगणना प्रपत्र वितरण किया जा चुका है। बीएलओ निरंतर घर-घर जाकर इन्यूमरेशन फॉर्म भरवाने का कार्य कर रहे हैं।

# जनजाति गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम शनिवार को आबूरोड में आयोजित किया गया। प्रभारी मंत्री केके बिश्नोई का मुख्य आतिथ्य रहा। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती की शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यों को याद किया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधि प्रत्येक वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। कहा कि किसी भी योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए और प्रत्येक पात्र तक पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाएं। साथ ही आमजन तक जानकारी पहुंचाई जाएं। उन्होंने जनजाति वर्ग के विकास और कल्याण के लिए हर प्रकार के सहयोग को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। इस दौरान ईएमआरएस के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

### योजनाओं के दस्तावेज सौंपे

इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्वामित्व योजना, मनरेगा, वनाधिकार के पट्टे, सामुदायिक पट्टों के लाभार्थियों को संबंधित दस्तावेज सौंपे गए। वहीं, जनजाति बालिका छात्रावास आपरीखेड़ा की छात्रा लीलकी कुमारी को राज्य में पांच मीटर लंबी कूद में प्रथम रहने तथा देश में राज्य का प्रतिनिधित्व करने पर सम्मानित किया गया।

# 'श्री देवेंद्र धाम में पुष्प बाल मेला 2025 ने खींचा शहरवासियों का ध्यान, हुआ उद्घाटन'

### महाश्रमणी पुष्पवती जी म.सा. जन्म जयंती एवं बाल दिवस पर पुष्प बाल मेला 2025 का भव्य शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री देवेन्द्र धाम ट्रस्ट द्वारा महाश्रमणी पुष्पवती जी म.सा. की जन्म जयंती एवं बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पुष्प बाल मेला 2025 का श्री देवेंद्र धाम परिसर में समाजसेवी सुनील मेहता,आरएएस दिव्यानी वर्डिया, ट्रस्ट की कार्यकारी अध्यक्ष रजनी वीरेंद्र डांगी एवं समाज के गणमान्यजनों की उपस्थिति में भव्य शुभारंभ हुआ।

आयोजन समिति के जय सिंघवी ने बताया कि मेले के प्रथम दिन 60 स्टॉल्स का सफल संचालन हुआ, जहाँ शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक खरीदारी कर मेले का आनंद लिया।

सहयोगी संस्था सोहन कवर महिला मंडल द्वारा आयोजित रिश्ता की बहार डांस प्रतियोगिता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं पपेट शो ने बच्चों का दिल जीता और लाइव म्यूजिक ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया।

आयोजन समिति से अर्पित बड़ाला ने बताया कि रविवार को बच्चों की आयु वर्गानुसार विशेष प्रतियोगिताएँ तथा महिलाओं के लिए जैन मेगा हाउसी का आयोजन होगा।

कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट से मान सिंह रांका, विजय सिंह छाजेड़, प्रकाश झगड़ावत, मुकेश चैधरी, सुरेश बड़ाला, हिम्मत मेहता, रमेश खोखावट , कालूलाल सिंघवी, दिनेश चोरड़िया, संगीता वर्डिया , राजेंद्र लोढ़ा , प्रकाश वर्डिया तथा समाज के गणमान्यजन गणेश लाल सिसोदिया, संदीप बोलिया, आर.के. जैन, सुरेश चापलोत आदि उपस्थित रहे। महिला मंडल से संध्या नाहर, सुमित्रा सिंघवी, ऐश्वर्या पगारिया,पुष्प मोदी आदि की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

# राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह का सफल आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** कृषि महाविद्यालय पाथरेडी में 14 से 20 नवम्बर 2025 तक राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह का आयोजन पुस्तकालय इकाई द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। सप्ताह भर चले इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों व स्टाफ में पठन-पाठन की आदत विकसित करना, पुस्तकालय संसाधनों के प्रभावी उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा ज्ञान-विज्ञान के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम समन्वयक एवं सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस अवधि में पुस्तक प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग और पुस्तक चर्चा जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी निभाई। कॉलेज अधिष्ठाता डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्थान का वास्तविक ज्ञान केंद्र होता है।



# भीम आर्मी सर्वदलीय संघर्ष समिति द्वारा एडीएम कार्यालय के आगे लगाया धरना

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ पंचायत समिति के विकास अधिकारी को हटाने की मांग को लेकर प्रशासकों द्वारा अनिश्चितकालीन अनशन को लेकर धरना-प्रदर्शन चल रहा है। जिसके चलते टीम भीम आर्मी सर्वदलीय संघर्ष समिति द्वारा भी अनिश्चितकालीन अनशन धरना लगाया गया है। उनका आरोप है कि अनूपगढ़ पंचायत समिति के विकास अधिकारी पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। अनूपगढ़ पंचायत समिति के प्रशासकों द्वारा इनके निलंबन की जो मांग उठाई जा रही है जो सरासर गलत है। टीम भीम आर्मी सर्वदलीय समिति का आरोप है कि जब तक उनकी मांगों को नहीं माना जाएगा तब तक हमारा अनिश्चितकालीन अनशन जारी रहेगा।

अनूपगढ़ की पंचायत समिति में चल रहे वाद विवाद, धरने प्रदर्शन को लेकर आज चौथा दिन भी जारी ग्रामीणों के साथ टीम भीम आर्मी सर्वदलीय समिति के पक्ष में ग्रामीण जनता का भी रोष फुट पड़ा वह अन्य ग्राम पंचायतों के लोगों द्वारा समर्थन मिल रहा है। शनिवार को दो ग्रामीण सुखविंदर सिंह 59 जीबी, व रणजीत सिंह 4 एसपीएस बेठें है आमरण अनशन भूख हड़ताल पर, भीम आर्मी सर्वदलीय समिति ने आरोप लगाया है कि की पंचायतों में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है



जिनकी विभिन्न पंचायतों में मांगी गई आरटीआई सूचना आज तक इन प्रशासकों द्वारा नहीं उपलब्ध कराई गई है। वहीं विकास कार्यों में व प्रधानमंत्री आवास योजना में भी इन प्रशासकों व ग्राम विकास अधिकारी की मिली भगत के चलते खुले आम धज्जियां उड़ाई जा रही है। आज तक ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं लाभ पात्र लोगों को नहीं मिला है। वहीं उपखंड अधिकारी को भीम आर्मी सर्वदलीय समिति ने ज्ञापन देकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने बताया कि जब तक पात्र लोगों को न्याय नहीं मिलेगा तब तक हमारा अनिश्चितकालीन अनशन जारी रहेगा। वहीं उपखंड अधिकारी द्वारा गठित समिति द्वारा जांच करवाई गई है जिसमें अनूपगढ़ पंचायत समिति के विकास अधिकारी को निर्दोष माना है व अनूपगढ़ पंचायत समिति की इन पंचायतों में जो भी भ्रष्टाचार हुआ है उसकी जांच करवाई जाएगी। अनूपगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र के प्रशासकों द्वारा विकास अधिकारी पर आरोप लगाया गया है वो प्रभाव शाली प्रशासकों ने अपनी सोची समझी रणनीति के तहत दबाव बनाया गया है वह उनकों बदनाम करने की प्लानिंग तहत उन्हें पद से हटाने वह निलंबित करने की सोची समझी पहल है।

# भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती,जनजाति गौरव दिवस पर पुष्पांजलि



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस पर बिरसा मुंडा की तस्वीर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पटेल सर्कल पर पुष्पांजलि की गई। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपालसिंह राठौड़ ने पुष्पांजलि के अवसर पर कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के रांची के उलीहातू गांव में हुआ था। वे एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी,समाज सुधारक और आदिवासियों के मसीहा थे। उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया और आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया। 9 जून 1900 को मात्र 25 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई। जब मिशनरी स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने के समय उन्हें ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा था इस दौरान आदिवासी संस्कृति के शोषण को महसूस करने लगे तो उन्होंने स्कूल छोड़ दिया और ब्रिटिश नीतियों और जमींदारों के शोषण के खिलाफ उन्होंने उलगुलान नामक एक आंदोलन शुरू किया, जिसका उद्देश्य आदिवासियों को उनके भूमि और पारंपरिक अधिकारों के लिए संगठित करना था। बिरसा मुंडा के 1899 में उनके आंदोलन ने उग्र रूप ले लिया जिसके कारण उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और 9 जून 1900 को रांची जेल में उनकी मृत्यु हो गई। आदिवासी समाज उन्हें धरती आबा (पृथ्वी के पिता) के रूप में पूजते हैं। प्रधानमंत्री ने बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को भारत में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाने लगा है।

जिला महामंत्री देवीलाल सालवी अवगत कराया कि पार्टी कार्यालय पर भगवान बिरसा मुंडा जी को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद सभी पदाधिकारी राज्य स्तरीय जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम जिसे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा संबोधित करेंगे के लिए डूंगरपुर के लिए प्रस्थान किया।

भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ सीमा चंपावत ने बताया कि पुष्पांजलि कार्यक्रम में सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा,शहर विधायक ताराचंद जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष देहात भंवरसिंह पंवार, पूर्व उप महापौर लोकेश द्विवेदी,जिला महामंत्री देवीलाल सालवी,पंकज बोराणा,जिला उपाध्यक्ष शम्भू गमेती, जिला मंत्री अशोक शर्मा,संतोष मीणा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, मण्डल अध्यक्ष कन्हैया वैष्णव, महेश गोस्वामी,अमृत मेनारिया,मोहन पटेल, मोहन मीणा,सुनील चैधरी, जिला प्रवक्ता दूदाराम पटेल,मंडल महामंत्री गजेंद्र अग्रवाल सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला प्रमुख ने कलस्टर मीटिंग का किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खरलां का जिला प्रमुख दुलाराम इंदलिया ने औचक निरीक्षण किया गया। विद्यालय में चल रही तृतीय क्लस्टर (अध्यापक प्रशिक्षण), पोषाहार, विद्यालय साफ सफाई इत्यादि का अवलोकन किया गया। सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। जिला प्रमुख द्वारा विद्यार्थियों व अध्यापकों से रूबरू होते हुए उन्हें बाल दिवस की बधाई दी और अपने वक्तव्य में कहा कि सभी विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पूरे मनोयोग से करें और अच्छे अंक लेकर अपनी कक्षा से उत्तीर्ण हो।

मौके पर स्टाफ द्वारा विद्यालय की क्षतिग्रस्त चार दिवारी के निर्माण करवाने का



प्रस्ताव रखा गया । जिला प्रमुख द्वारा उसे शीघ्र निर्माण करवाने का आश्वासन दिया गया। प्राचार्य सुंतरराम द्वारा पधारे गए अतिथियों का स्वागत किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि बहादुर चंद, शेराराम बागड़ी(ब्लॉक उपाध्यक्ष),ओम सेन , सुमीत सिंह बराड़,रामप्रकाश मौर्य,कन्हैयालाल, रतिराम शर्मा, मोहनलाल, सुखजीत कौर ,सुरेंद्र कौर, सारिका वर्मा,प्रिया , बूटा सिंह ,ओंकार दत्त इत्यादि मौजूद थे।

# गंगानगर में माटीकला कारीगरों को मिला बड़ा तोहफ़ा

### 120 माटीकला कलाकारों को मिली आधुनिक मशीनें, श्रीगंगानगर में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन




बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** जिले के पारंपरिक माटीकला (पॉटरी) कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए 120 माटीकला के प्रशिक्षित आर्टिजनों को आधुनिक इलेक्ट्रिक चाक और मिट्टी गूथने की मशीनें निःशुल्क वितरित कीं। मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025-26 के तहत शुक्रवार को ये मशीनें जिले की छह विधानसभा क्षेत्रों से चयनित कारीगरों को प्रदान की गईं। गोरधन राम छापरवाल शिक्षण संस्थान, राणा प्रताप कॉलोनी में आयोजित समारोह में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। शिविर श्री यादे माटीकला बोर्ड, राजस्थान सरकार के तत्वावधान में तथा लाल बहादुर शास्त्री शिक्षा समिति, हनुमानगढ़ के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी ने कहा कि सरकार पारंपरिक शिल्पकारों को तकनीकी संसाधन देकर उन्हें सशक्त और स्वावलंबी बना रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ धरातल पर सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री प्रहलाद राय टाक ने की।

# भौमिया मंदिर के महंत सेवादास महाराज का देवलोकगमन, क्षेत्र में शोक की लहर

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** स्थानीय कस्बे के भौमिया बाबा मंदिर के महंत सेवादास महाराज शनिवार अल सुबह देवलोक गमन कर गए। उनके निधन से सम्पूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीण मालीराम बाड़ीगर एवं गिरिराज ओला ने बताया कि महंत श्री सेवादास महाराज ने शनिवार प्रातः लगभग 6 बजे अंतिम सांस ली। उनके देवलोकगमन की सूचना मिलते ही श्रद्धालुओं का सैलाब मंदिर परिसर में उमड़ पड़ा। मंदिर में महाराज की पार्थिव देह अंतिम दर्शन हेतु रखी गई, जहाँ क्षेत्रवासियों, भक्तों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। महाराज के व्यक्तित्व, सरलता, सद्भाव और जनसेवा को याद करते हुए कई लोगों की आंखें नम हो गईं। दोपहर में भव्य अंतिम यात्रा मंदिर परिसर से रवाना हुई, जो पावटा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। अंतिम यात्रा में महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मार्ग में 'राम नाम सत्य है' और हरिनाम संकीर्तन की धुनें गूँजती रहीं।

यात्रा पुनः भौमिया मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के साथ महंत सेवादास महाराज का अंतिम संस्कार किया गया। एडवोकेट देवांश सिंह ने बताया कि सेवादास महाराज केवल एक महंत नहीं, बल्कि समाज की आध्यात्मिक धुरी थे। उन्होंने भौमिया मंदिर को आध्यात्मिक साधना के साथ-साथ सामाजिक सद्भाव का केंद्र बनाया। महाराज श्री की अन्तिम



यात्रा में सताईसा मण्डल अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण दास जी महाराज, संत मोहनदास जी महाराज, पावटा पंच गद्दी संत राधामोहन दास जी महाराज, पुरुषोत्तम दास जी महाराज पौद्यार दास मन्दिर, भगवतदास जी महाराज गूजेडा मन्दिर, गुरुदास जी प्रागपुरा, सांवरमल जी झीडाका बालाजी, तथा उनकी शिष्या मीरा बाई,ज्ञानदास जी महाराज बडनगर, भरतदास जी महाराज अयोध्या सहित अनेक संत-महात्मा, सामाजिक कार्यकर्ता और आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# उद्योगपति नरेन्द्रसिंह बारहठ बनें उदयपुर जिला टेनिस एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** उदयपुर जिला टेनिस संघ की शनिवार को राजस्थान कृषि महाविद्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से उद्योगपति नरेन्द्रसिंह बारहठ को संघ का कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। जिला टेनिस संघ के मानद सचिव डॉ. दीपांकर चक्रवर्ती ने बताया कि बैठक में संघ के अध्यक्ष सुधीर बक्षी,संघ के उपाध्यक्ष एवं आरसीए के कुलपति डॉ. मनोज महला,कोषाध्यक्ष डॉ.ललित जोशी, उपाध्यक्ष यशपालसिंह अभिमन्यू चक्रवर्ती, जगपालसिंह, मानवेन्द्रसिंह भाटी, क्षितिज वशिष्ठ,कान्तिलाल पूनमिया, आमंत्रित सदस्य डॉ. जगदीशलाल चैधरी,अतिक व्यास,सुनील खण्डेलवाल मौजूद थे। डॉ. चक्रवर्ती ने बताया कि शहर में शीघ्र ही ईनामी राशि लॉन टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

# विधायक कोठारी ने 100 फीट सड़क निर्माण का किया मौका मुआयना, कार्य में तेजी लाने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा) ।** शहर विधायक अशोक कोठारी ने शनिवार सुबह पुलिस लाइन स्थित संतोषी माता मंदिर में दर्शन कर मेवाड़ मिल पुलिया से पांडु नाले तक प्रस्तावित 100 फीट सडक़ निर्माण में आ रही बाधाओं के समाधान हेतु स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर विकास न्यास एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेज़ी लाने के निर्देश दिए। विधायक कोठारी ने पुलिस लाइन से पांडु नाले तक पूरे क्षेत्र का जायजा लेते हुए कहा कि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाए, ताकि यातायात सुगम हो सके और रेलवे ओवरब्रिज पर वाहनों का दबाव कम हो। उन्होंने



विद्युत विभाग को 11 केवी और 33 केवी विद्युत लाइनों को सडक़ परिधि से बाहर तुरंत शिफ्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही सडक़ के मध्य में आने वाले वृक्षों को 100 फीट चौड़ाई छोडक़र स्थानांतरित करने तथा सडक़ किनारे सघन वृक्षारोपण करने पर जोर दिया। न्यास अधिकारियों ने जानकारी दी कि सडक़ निर्माण कार्य ?467.55 लाख की लागत से किया जा रहा है। विद्युत लाइन शिफ्टिंग, नाला एवं चारदीवारी निर्माण तथा वृक्ष स्थानांतरण सहित सडक़ निर्माण के टेंडर जारी कर दिए गए हैं और कार्य प्रारंभ हो चुका है। निरीक्षण के दौरान विधायक कोठारी ने पुलिस लाइन परिसर, संतोषी माता मंदिर प्रांगण और पांडु नाले तक निर्माण में आ रही बाधाओं के त्वरित समाधान पर चर्चा की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 100 फीट सडक़ निर्माण से ओवरब्रिज पर यातायात दबाव कम होगा और आवागमन और अधिक सुगम बनेगा। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना का शिलान्यास 5 सितंबर 2025 को सांसद दामोदर अग्रवाल, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु एवं विधायक अशोक कोठारी की उपस्थिति में किया गया था।

निरीक्षण के दौरान पूर्व न्यास अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण डाड, पर्यावरणविद प्रकाश छाबड़ा, समाजसेवी देवीलाल गुर्जर, कांतिलाल जैन सहित पटरी पार कॉलोनीवासियों में गोवर्धन सिंह कटार, एडवोकेट तेजेंद्र सिंह शक्तावत, एडवोकेट हंसराज, मधुबाला यादव, गोपाल पांचाल, बाबूलाल टाक, एडवोकेट अर्पित कोठारी, सुंदरलाल बंबोडा, विवेक निमावत, राजकुमार ईनाणी, संजय राठी, कमल कोठारी, दिलीप सोनी, दिनेश सुथार, करण सिंह सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे।

## हैप्पी पैच पार्क के उद्घाटन के साथ पाटनी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया बाल दिवस समारोह

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (नि.स.)।** वंडर सीमेंट के पाटनी पब्लिक स्कूल, निम्बाहेड़ा में बाल दिवस उत्साह और हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के नवनिर्मित मनोरंजन पार्क हैप्पी पैच का उद्घाटन वंडर सीमेंट निम्बाहेड़ा के यूनिट हेड एवं स्कूल मैनेजर नितिन जैन के मुख्य आतिथ्य एवं वंडर यूफोरिया क्लब की अध्यक्षा श्रीमती अरुणा जैन के विशिष्ठ आतिथ्य में किया गया। यूनिट हेड नितिन जैन ने अपने संबोधन में सभी बच्चो को बाल दिवस की शुभकामना देते हुए विधार्थियो हेतु आउट डोर खेलकूद गतिविधियों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया । सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि छोटी कक्षाओं के विधार्थियो के लिए सम्पूर्ण रूप से अलग से खेल मैदान की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है जिसमे बच्चे बिना किसी रुकावट के खुले वातावरण में ज्यादा सक्रिय एवं आत्मविश्वास के साथ अपने कौशल का विकास कर सकते है। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमे आर्ट एन्ड क्राफ्ट का प्रदर्शन, संगीत गायन, नृत्य, भाषण, संकल्प पाठ आदि प्रमुख रहे विधार्थियो ने इन कार्यक्रमों में बढ़-चढक़र भाग लिया शिक्षकों एवं अतिथियों द्वारा बच्चो की सराहना की गयी। सम्पूर्ण कार्यक्रम विद्यार्थियों की ऊर्जा से भरी प्रस्तुतियों के साथ बेहद सुन्दर और उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।



## वनवासी हुतात्मा बिरसा मुंडा की जयंती पर नगर पालिका कपासन में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर पालिका परिसर में जनजाति गौरव दिवस वर्ष 2025 का ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें वनवासी हुतात्मा बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गयी। नगर पालिका कपासन अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा ने बताया कि वनवासी हुतात्मा बिरसा मुंडा जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को जीएसएस कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर ने संबोधित कर बताया कि बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलिहातू ग्राम में हुआ था।वह एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी,समाज सुधारक एवं लोकनायक थे। जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ 'उलगुलान' आंदोलन का नेतृत्व किया।जिससे आदिवासी भूमि अधिकारों एवं सांस्कृतिक पहचान की रक्षा हो सके। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,पार्षद अशोक विजयवर्गीय,नपा कनिष्ठ अभियंता खेमराज सिंह गुर्जर,वरिष्ठ सहायक गोपाल सुथार,रामप्रसाद गायरी,नपा स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली,कनिष्ठ सहायक नन्दलाल मेनारिया,सचिन सोनवाल,प्रकाश शर्मा,सहायक कर्मचारी शांतिलाल खटीक,माधवलाल,स्वास्थ्य जमादार मुकेश कोदली, नपा कार्मिक विशाल कोदली,नरेगा जेटीए रोहित शर्मा,रोजगार सहायक सुनीता शर्मा,एसबीएम एमआईएस रिया गर्ग सहित समस्त नगर पालिका कपासन के कार्मिकगण उपस्थित रहे।



## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को गौरव दिवस रूप में मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत भादसोड़ा कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गयी।कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन परिचय एवं जनजातीय समुदाय के प्रति उनके समर्पण पर विचार व्यक्त करते हुवे महानतम जीवन पर प्रकाश डाला गया।साथ ही गणमान्यजनों एवं युवा वर्ग द्वारा भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रशासक निवर्तमान सरपंच डॉ. शम्भू सुथार,ग्राम विकास अधिकारी उदयलाल जाट,वार्ड पंच लोकेश टेलर,युवा सामाजिक कार्यकर्ता राधे सुथार,दुर्गाशंकर,अमरचंद,लोकेश, बाबूलाल आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे एवं भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

## रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम आज, नशा मुक्ति व स्वास्थ्य जागरूकता पर रहेगा फोकस

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (नि.स.)।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल भीलवाड़ा महानगर द्वारा नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन आज किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और समाज में नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। महानगर प्रचार प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से नशीली दवाओं के हानिकारक प्रभावों तथा नशा मुक्त जीवन के महत्व को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी की अपील की जाएगी। बजरंग दल महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने कहा कि देशविरोधी तत्व युवाओं को नशे की ओर धकेलकर राष्ट्र की शक्ति को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे समय में समाज को सतर्क रहते हुए नशामुक्त भारत और सशक्त राष्ट्र निर्माण की दिशा में कार्य करना आवश्यक है। रन फॉर हेल्थ का शुभारंभ आज प्रात: 7 बजे शारदा चौराहा सौ फीट रोड, मोदी ग्राउंड और महाराणा प्रताप सर्किल पांसल चौराहा से एक साथ होगा। कार्यक्रम में भीलवाड़ा महानगर के विभिन्न संगठनों और शिक्षण संस्थानों की सहभागिता रहेगी।

## गंगाधर थाना परिसर में नवागत पुलिस उपाधीक्षक की अध्यक्षता में वंदे मातरम गीत एवं संकल्प कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के गंगधार थाना परिसर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वंदे मातरम गीत गायन एवं स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम नवागत पुलिस उपाधीक्षक गुलाबा राम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । कार्यक्रम में ,थाना प्रभारी अमरनाथ जोगी गंगधार ,चौमहला के व्यापार मंडल ,सी एल जी सदस्य ,पुलिस मित्र ,सुरक्षा सखि ,ग्राम रक्षक ,गणमान्य नागरिक , एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।पुलिस उपाधीक्षक गुलाब राम ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम की देश की आज़ादी में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जन-जन में देशभक्ति की भावना जगाने का माध्यम बना। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से आवश्यक बताते हुए सभी को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।इस कार्यक्रम में सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र ,व्याख्याता ओम प्रकाश शर्मा ,अधिकार मित्र संजय राठौर शामिल हुवे।

## ईआरओ ने कपासन के संस्था प्रधानों एवं विद्यार्थियो को एसआईआर प्रक्रिया में सहयोग हेतु प्रेरित किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया )।** नगर के मुख्य रेलवे स्टेशन मार्ग पीएमश्री राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय में निर्वाचन संबंधित गतिविधियों में जन सहभागिता सुनिश्चित करने तथा युवा मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारी कपासन राजेश सुवालका द्वारा विद्यार्थियों एवं उपखण्ड क्षेत्रीय संस्था प्रधानों के साथ विशेष वार्ता का आयोजन किया गया।जिसमे विशिष्ट अतिथि रूप में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन गोपाललाल शर्मा उपस्थित रहे। राजकीय महाराणा उ.मा. विद्यालय के प्रधानाचार्य यशवंत कुमार जागेटिया ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी राजेश सुवालका ने कहाकि एसआईआर मात्र एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं अपितु लोकतांत्रिक सशक्तिकरण का माध्यम है। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में विद्यार्थियों का सक्रिय सहयोग समाज को अधिक जागरूक,जिम्मेदार एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध बनाने में सहायक होगा।सटीक एवं अद्यतन मतदाता सूची के लिए वर्तमान में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को अपने परिवार के सदस्यों के गणना पत्र भरने व फोटो बनवाने जैसे कार्यों में बीएलओ के साथ युवा विद्यार्थियों का सहयोग अपेक्षित है।

इधर विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर अश्विनी कुमार व्यास ने विद्यार्थियों को गणना प्रपत्र ऑन-ऑफलाइन भरने की प्रक्रिया संबंधी विस्तृत जानकारी से अवगत कराया तथा विद्यार्थियों को अपने परिवार के समस्त सदस्यों के ऑनलाइन गणना प्रपत्र भरने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही ईआरओ कपासन द्वारा उपखण्ड स्तर के 29 राजकीय विद्यालय व 10 निजी विद्यालय के प्रधानाचार्यों की बैठक में कहा कि शिक्षण संस्थान समाज में जागरूकता फैलाने के प्रभावी केंद्र होते हैं। सभी प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में विद्यार्थियों को मतदाता सूची अद्यतन प्रक्रिया में सहभागिता हेतु प्रेरित करें।जिससे अधिकाधिक पात्र युवक-युवतियों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो सके। इस कार्यक्रम में मुकेश कुमार मेरोठा,अरविंद कुमार मिश्रा, प्रमोद कुमार बारेगामा एवं विमला देवी द्वारा सहयोग एवं कार्यक्रम के अंत में आभार उपप्राचार्य इरफान अली बुखारी द्वारा ज्ञापित किया गया।

## हिन्दस्तान जिंक ने आईआईटीएफ 2025 में दिखाई तकनीक, नवाचार और सस्टेनेबिलिटी की ताकत



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** भारत की अग्रणी और विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक, लेड और सिल्वर उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक ने 44वें इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2025 में अपनी अत्याधुनिक तकनीक और उद्देश्य-प्रधान प्रदर्शनी के माध्यम से सबका ध्यान आकर्षित किया। 14 से 27 नवंबर तक नई दिल्ली के प्रगति मैदान, भारत मंडपम में आयोजित इस मेले में कंपनी ने माइनिंग पवेलियन हॉल नंबर 5, स्टॉल नंबर 34-ए पर एक भारत, श्रेष्ठ भारत थीम के अनुरूप अपनी भूमिका प्रदर्शित की। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कंपनी के इमर्सिव शोकेस का अवलोकन किया और वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से खदानों व स्मेल्टर के संचालन का अनुभव किया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में धातुओं की अहम भूमिका पर बल देते हुए कंपनी के नवाचारों की सराहना की। कंपनी के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिज, विश्व स्तरीय अवसंरचना और भविष्य-तैयार औद्योगिक ढांचे पर देश की विकसित भारत की यात्रा आधारित है। स्टॉल पर आरएफआईडी आधारित इंटरएक्टिव इंस्टॉलेशन, आधुनिक तकनीक, वर्चुअल रियलिटी अनुभव, उन्नत खनन प्रणालियों और पर्यावरण प्रबंधन को दर्शाया गया। जिंक, सिल्वर, लेड सहित महत्वपूर्ण धातुओं, 99.99त्न शुद्ध चांदी, इकोजेन निम्न-कार्बन जिंक और अयस्क नमूनों का प्रदर्शन विशेष आकर्षण रहा। साथ ही 'जंग के खिलाफ जिंक 2.0' अभियान के तहत आगंतुकों को गैल्वनाइजेशन का महत्व समझाया गया। सीएसआर के तहत महिलाओं द्वारा तैयार सखी और उपाया ब्रांड के उत्पाद भी प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी ने स्पष्ट किया कि तकनीक, सस्टेनेबिलिटी और नवाचार के माध्यम से हिन्दुस्तान जिंक देश के कम-कार्बन, आत्मनिर्भर भविष्य को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 17-18 नवंबर को प्राइवेट स्कूल वाहनों का दो दिवसीय बंद

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा) ।** प्राइवेट स्कूल वाहन चालकों ने 17-18 नवंबर को दो दिवसीय बंद का एलान किया है, जिसके चलते शहर में स्कूलों की परिवहन व्यवस्था प्रभावित रहेगी। वाहन चालक आरटीओ द्वारा अनुमति पत्र (परमिट) की अनिवार्यता तथा लगातार जारी हो रहे चालानों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराएंगे। साथ ही वे अपनी मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपेंगे। स्कूल वैन चालक रोशन माली ने बताया कि आरटीओ द्वारा स्कूल वैन और टेम्पो पर चालान कार्रवाई लगातार बढ़ रही है, जिससे उनकी रोज़ी-रोटी पर संकट



उत्पन्न हो गया है। उनका कहना है कि अनुमति पत्र लेने के लिए उन्हें बार-बार आरटीओ कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जबकि स्कूल संचालक उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे। चालकों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। दो दिवसीय बंद के दौरान सभी प्राइवेट स्कूल वाहन संचालन बंद रहेंगे, जिससे बच्चों की स्कूल जाने की व्यवस्था पर असर पड़ेगा।

## मतदाता जागरूकता और जनजातीय गौरव का संगम सनातन धर्म स्कूल में विविध कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर निर्वाचन आयोग तथा राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सनातन धर्म राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, ब्यावर में सोमवार को विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य गुरु शरण गोयल के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में स्ड्डक्र गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु रंगोली रैली प्रतियोगिता हुई। बालक-बालिकाओं ने प्रभारी संजय कुमार दगदी और मुरली जाटव के मार्गदर्शन में 'स्ड्डक्र' थीम पर आकर्षक रंगोली व संदेशात्मक ब्लॉक तैयार किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ—प्रेम राज भाटी, ओमप्रकाश कुमावत, लता बाकोलिया, पूजा सिरोया, पूर्णिमा व्यास, अंकित रायजदा, प्रतिभा ब्रह्मा, रुचि दाधीच, सुनीता गहलोत,



चंद्रकला, माया और नेहा ने निर्वाचन शपथ के साथ सहभागिता निभाई।कार्यक्रम के मध्य में शिक्षाविद् एवं वरिष्ठ पत्रकार अनिल सिखवाल का विद्यालय परिवार की ओर से भव्य अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। सिखवाल ने विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता, सामाजिक भागीदारी और जनजागरूकता अभियानों के महत्व पर प्रेरक विचार भी साझा किए।इसी क्रम में आदिवासी जनजाति के महानायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उनकी जीवनगाथा पर आधारित डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई तथा पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई। विद्यार्थियों ने बिरसा मुंडा के संघर्ष, राष्ट्रनिर्माण में योगदान और जनजातीय अस्मिता के संदेश को अपनी कलाकृतियों में अभिव्यक्त किया।एस.डी. स्कूल, ब्यावर में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में मतदाता जागरूकता के साथ-साथ जनजातीय नायकों के प्रति सम्मान एवं सामाजिक चेतना का सशक्त संदेश प्रसारित हुआ।

**जनजातीय संस्कृति, विकास और विरासत को मिलेगा नया आयाम ,दो दिवसीय प्रदर्शनी का हुआ भव्य समापन**

# बिरसा मुंडा के आदर्शों को समर्पित ब्यावर में राज्य स्तरीय प्रसारण के साथ जनजातीय प्रदर्शनी सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर सलूम्बर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शुक्रवार को ब्यावर के अंबेडकर भवन में किया गया। जिला स्तरीय आयोजन में राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष श्री सी.आर. चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विधायक शंकर सिंह रावत विशिष्ट अतिथि रहे। पूर्व सभापति नरेश कनोजिया सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा




के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इसके बाद जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने अतिथियों को दो दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस प्रदर्शनी का अवलोकन कराया, जिसका औपचारिक समापन भी इसी अवसर पर किया गया मुख्य अतिथि सी.आर. चौधरी ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं जनजातीय संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनजातीय समाज के उत्थान हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा जैसे महानायक को राष्ट्र की चेतना में पुनर्स्थापित करना ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने ''वंदे मातरम् ड्ड150'', ''एकता मार्च'' और ''जनजातीय गौरव दिवस'' को राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने वाली महत्वपूर्ण पहल बताया।विधायक शंकर सिंह रावत ने कहा कि बिरसा मुंडा का संघर्ष, त्याग और देश के प्रति समर्पण आज भी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का प्रकाश स्तंभ है। उन्होंने युवाओं से उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया।जिला प्रशासन द्वारा आगंतुकों और विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन-संघर्ष, जनजागरण आंदोलन और योगदान से अवगत कराया गया। 1 से 15 नवंबर तक चले जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़े में विभिन्न प्रतियोगिताएँ एवं गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट, एसीईओ गोपाल लाल, नगर परिषद आयुक्त श्रवण राम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवीन सीआई ने किया अपराध को लेकर शहर की बैंक और एटीएम का निरीक्षण

## लोगो से भी अपील, किसी से साझा नहीं करें बैंक संबंधी जानकारी,



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी शहर में अपराध को कंट्रोल करने के लिए पहली बार पुलिस एक्शन मोड में दिखाई दे रही है। एसपी द्वारा जिले में विभिन्न थानों में किये गए फेरबदल में बाड़ी कोतवाली थाने में एसएचओ देवेंद्र कुमार शर्मा को लगाया गया है। ऐसे में देवेंद्र शर्मा ने पदभार ग्रहण करने के बाद शनिवार को शहर के सभी बैंक परिसर,एटीएम बूथ और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचे संभावित वारदात और क्राइम को लेकर निरीक्षण किया है। उन्होंने एटीएम के आसपास बैठे लोगों से भी पूछताछ की साथ में बैंक में मिले लोगों को सचेत किया कि वह साइबर ठगी का शिकार नहीं हो। बैंक कस्टमर जागरूक रहे,किसी को ना अपना ओटीपी नंबर दें और ना पिन या कोई गोपनीय नम्बर नंबर,जो भी सीक्रेट जानकारी है उसे किसी को शेयर नहीं करें।

कोतवाली सीआई देवेंद्र शर्मा ने बताया कि बाड़ी शहर में जो पूर्व में क्राइम की वारदातें हुई हैं। उनका अध्ययन किया जा रहा है। बैंक परिसर के आसपास ऐसे गिरोह सक्रिय रहते हैं। जो भोले-भाले कस्टमर को अपनी वारदात का शिकार बनाते हैं। कई बार जहरखुरानी की भी वारदात हो चुकी है।

ऐसे में शनिवार को शहर के पीएनबी बैंक,एसबीआई सहित सभी बैंकों में जाकर निरीक्षण किया है। एटीएम बूथ भी चेक किये है। जहां जो लोग मिले है। उनको भी सचेत किया है। आगे शहर के सभी सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस सादा वर्दी में तैनात करने की प्लानिंग है। वही सीसीटीवी कैमरा को लेकर भी जानकारी की जा रही है। शहर में लगे जो भी कैमरे खराब है उनकी रिपेयरिंग की जरूरत है उनको सही कराया जाएगा।

सीआई देवेंद्र शर्मा के विजिट के दौरान टाउन चौकी प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा और पुलिस का जाप्ता साथ रहा।

# धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व के रामसागर रेंज में हरे पेड़ो के कटान की सूचना पर कार्यवाही,

## धोक की लकड़ी काटते दो आरोपियों को किया गिरफ्तार,हरी लकड़ी और ऊंट जप्त

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राजस्थान के नव गठित पांचवें धौलपुर करौली टाइगर रिजर्व क्षेत्र में अब अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने की तैयारी की जा रही है। जिसके लिए धौलपुर करौली टाईगर रिजर्व (डीकेटीआर) के डीएफओ डॉ आशीष व्यास द्वारा सभी वनपाल नाक चौकियों को सख्त कार्रवाई और वन क्षेत्र में लगातार गश्त करने के निर्देश दिए हैं।

डीएफओ के निर्देश पर रामसागर वनपाल नाका टीम ने शुक्रवार की देर रात अभ्यारण क्षेत्र में हरी लकड़ी का कटान कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो ऊंट हरी लकड़ी को जप्त किया है। जिनके खिलाफ वन्य अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

रामसागर नाका के वनपाल राजेश मीणा ने बताया की डीकेटीआर के डीएफओ डॉ आशीष व्यास के निर्देश पर अभ्यारण क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही है। शुक्रवार की रात सूचना मिली की अभ्यारण क्षेत्र में हरी लकड़ी का कटान हो रहा है। सूचना पर वनपाल नाका के स्टाफ दयानंद यादव,वनरक्षक शेरसिंह,रामधन और बॉर्डर होमगार्ड की टीम के साथ मौके पर पहुंच कार्रवाई की। जहां दो आरोपी धोक के पेड़ों को काट रहे थे और हरी लकड़ी को ऊंटो पर लादा जा रहा था। कार्रवाई के दौरान टीम ने आरोपी सलीम पुत्र अजीज खान और असगर पुत्र इकराम खान,मुसलमान निवासी बाड़ी को गिरफ्तार किया है। हरी लकड़ी को जप्त किया है और दो ऊंटों को कब्जे में लिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ उच्च अधिकारियों के निर्देश पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और फॉरेस्ट एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

विकास पुरुष के रूप में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म की अमिट छाप

# नगर विधानसभा के श्री जड़खोर गौधाम में 1 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** अपनी कर्मठ कार्यशैली, दूरदर्शी सोच और क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के प्रति असीम प्रतिबद्धता के लिए जाने वाले ष्विकास पुरुषष्, माननीय गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री, जवाहर सिंह बेढ़म ने आज नगर विधानसभा क्षेत्र को एक बड़ी सौगात दी। बेढ़म ने श्री जड़खोर गौधाम में आयोजित एक भव्य समारोह में 1 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधि-विधान से भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।



### विकास की नई इबारत लिखने की तैयारी

माननीय गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म के अथक प्रयासों से स्वीकृत इन परियोजनाओं से क्षेत्र की तस्वीर बदलना तय है। बेढ़म ने इस अवसर पर कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य नगर विधानसभा क्षेत्र का कायाकल्प करना और इसे विकास के राष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित करना है। 1 करोड़ रुपये की यह परियोजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि स्थानीय निवासियों के लिए सुविधाओं का विस्तार भी करेगी।

### परियोजना का विस्तृत लेखा-जोखा

शिलान्यास की गई इन परियोजनाओं में कुल 1 करोड़ रुपये की लागत से तीन प्रमुख कार्यों को सम्मिलित किया गया है। इसमें शामिल हैं। इको-टूरिज्म शेड (पर्यटकों हेतु)रू 40 लाख रुपये की लागत से एक विशेष इको-टूरिज्म शेड का निर्माण किया जाएगा।

### इको-टूरिज्म शेडरू पर्यटन को लगेंगे पंख

नगर वन के तहत 40 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इको-टूरिज्म शेड इस क्षेत्र के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगी। जवाहर सिंह बेढ़म की दूरगामी सोच का परिचायक यह कदम, श्री जड़खोर गौधाम को एक प्रमुख पर्यटन एवं आस्था के केंद्र के रूप में विकसित करेगा। यह इको-टूरिज्म शेड, श्री जड़खोर गौधाम को एक प्रमुख आस्था केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री जवाहर सिंह बेढ़म की दूरगामी सोच का परिचायक यह निर्माण, यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगा। इस शेड के बनने से आगंतुकों को विश्राम करने, बैठने और गौधाम के आध्यात्मिक एवं प्राकृतिक वातावरण का शांति से आनंद लेने के लिए एक सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा।

### विकास का यह क्रम अनवरत जारी रहेगा बेढ़म

शिलान्यास समारोह के दौरान जवाहर सिंह बेढ़म का भव्य स्वागत किया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, गृह राज्य मंत्री श्री बेढ़म ने विश्वास दिलाया कि यह केवल एक शुरुआत है। उन्होंने कहा, नगर का विकास मेरा संकल्प है और इसे पूरा करने के लिए मैं दिन-रात परिश्रम कर रहा हूँ। मेरे लिए राजनीति श्जन सेवाश् का माध्यम है। यह 1 करोड़ की सौगात नगर की जनता का अधिकार है, जिसे मैं उन तक पहुँचा रहा हूँ। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य उच्चतम गुणवत्ता के साथ और समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएँ। स्थानीय निवासियों ने इन विकास कार्यों के लिए माननीय मंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया।

विदरपुर में बिजली करंट से हुई छात्र की मौत का मामला

# पीड़ित परिजनों और डिस्कॉम के अधिकारियो ने कंचनपुर थाने पर कराया मामला दर्ज

## परिजनों का आरोप 11 केवी लाइन टूटने से हुई घटना, डिस्कॉम ने बताया नहीं टूटा कोई तार, मृतक छात्र ग्यारह केवी के नीचे से गुजर रही 220 वोल्टेज लाइन पर डाल रहा था जंपर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के विदरपुर गांव में शुक्रवार को सुबह 11 केवी लाइन की चपेट में आने से 18 वर्षीय 11वीं कक्षा के छात्र अमित कुशवाहा पुत्र होतम सिंह की दर्दनाक मौत हुई थी। घटना को लेकर पीड़ित परिजनों ने कंचनपुर थाने में 11 केवी लाइन के टूटने से छात्र की मौत और डिस्कॉम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी है। वहीं डिस्कॉम के अधिकारियों ने भी ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपो और तार टूटने की घटना से इंकार करते हुए कंचनपुर थाना अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है। बाड़ी डिस्काम के सहायक अभियंता आरडी मीणा ने बताया की बिदरपुर गांव में सुबह के वक्त जो घटना हुई है। उसमें छीतरपुरा फीडर पर तैनात एफआई कार्मिक सोहन सिंह कोली पुत्र नारायण सिंह के पास फोन आया था। जिसमें ग्रामीणों ने गांव में एक युवक के बिजली लाइन की चपेट में आने की बात कहते हुए बिजली बंद करने की कहा था। ऐसे में तुरंत बिजली बंद कराई गई। बाद में मौके पर जाकर जेईएन सिटी जगदीश मीणा, गौरव मंगल, सोहन सिंह ने गांव जाकर मामले की



जानकारी की। मौके पर कोई तार टूटा हुआ नहीं मिला है। जो छात्र बिजली करंट की चपेट में आया। वह 11 केवी लाइन के ठीक नीचे से निकल रही 220 वोल्टेज लाइन पर जंपर डाल रहा था। इस दौरान हादसे का शिकार हुआ है। ग्रामीणों ने डिस्कॉम पर जो लापरवाही और तार टूटने की घटना का आरोप लगाया है। वह निराधार है। सभी साक्ष्यों के साथ कंचनपुर थाने में परिवाद दिया है। कंचनपुर थाना अधिकारी रामकिशन यादव ने बताया कि विदरपुर गांव में



बिजली करंट की घटना को लेकर पीड़ित परिजनों ने रिपोर्ट दी है। जिस पर मर्ग दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। वहीं डिस्कॉम के एईएन एवं जेईएन ने थाने पर उपस्थित होकर घटना में 11 केवी लाइन के तार के नहीं टूटने,मृतक छात्र द्वारा जंपर डालने के दौरान हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने की बात कहते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। साथ मे मौके पर जुटाए साक्ष्य भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# विधायक डॉ. गर्ग ने केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी से की शिष्टाचार भेंट

## भरतपुर में एसआईआईसी और एनएसटीआई स्थापित करने पर जताया आभार

### पीएमकेवाई योजना के तहत विशेष प्रोजेक्ट स्वीकृत करने की भी मांग की

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने दिल्ली में केन्द्रीय कौशल एवं उद्यमिता राज्यमंत्री जयंत चौधरी से शिष्टाचार भेंट कर भरतपुर में स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर और नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट स्थापित करने पर आभार व्यक्त किया है साथ ही भरतपुर में पीएमकेवाई योजना के तहत विशेष प्रोजेक्ट स्वीकृत करने की भी मांग की। विधायक डॉ. गर्ग ने बताया कि पिछले दिनों केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी से व्यक्तिगत एवं पत्र के माध्यम से भरतपुर में युवाओं को रोजगार से जोडने तथा उनमें स्किल डवलप करने के लिये एआईआईसी की स्थापना कराने की मांग की थी जिस पर केन्द्रीय मंत्री ने विचार कर भरतपुर में स्किल इंडिया इंटरनेषनल सेंटर और नेषनल स्किल टेऊनिंग इंस्टीट्यूट स्थापित कर युवा बेरोजगारों को रोजगार से जोडने के लिये टेऊनिंग की व्यवस्था की है वह सरहानीय है। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी से भरतपुर में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत् विशेष प्रोजेक्ट की स्वीकृति प्रदान करने की भी मांग करते हुये कहा कि यहां पीएमकेवाई के तहत विशेष प्रोजेक्ट शुरू हो जायेंगे तो युवा कौशल प्राप्त कर स्वालम्बी बन सकेंगे और वह स्वयं भी अपना रोजगार स्थापित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि भरतपुर जिले में औद्योगिक विकास सीमित हैं यहां कुछ ही इकाईयां बडे स्तर पर कार्य कर रही हैं।

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के निर्देश पर एक दिवसीय कार्यशाला एसएमसी और एसडीएमसी के सदस्यों को प्रशिक्षण देने के लिए 24 मास्टर ट्रेनर तैयार

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के आदेश की पालना में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बाड़ी नंदलाल मीणा की अध्यक्षता एवं अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार कौशिक,कल्यान सिंह मीना एवं उप प्राचार्य आरपी घनश्याम मीना की देखरेख में ब्लॉक शिक्षा विभाग कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 24 मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा जितेंद्र जादौन एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बाड़ी नंदलाल मीणा ने बताया कि जिले के समस्त राजकीय माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक के लिए विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति तथा कक्षा 1 से 8 तक के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया जाता है।यह मास्टर ट्रेनर समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देंगे। बाड़ी ब्लॉक के लिए केआरपी प्रधानाचार्य विष्णु शर्मा,उप प्राचार्य भगवान सिंह मीना द्वारा बाड़ी ब्लॉक में प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रधानाचार्य एवं केआरपी विष्णु कुमार शर्मा ने समिति के कर्तव्य एवं भूमिका के बारे में बताया। जिसमें निगरानी और पर्यवेक्षण,संसाधन प्रबंधन,शिकायत निवारण, सामुदायिक सहभागिता,स्कूल की कार्यप्रणाली की निगरानी समानता को बढ़ावा देना,योजना और विकास,संसाधन जुटाना,स्कूल विकास योजना बनाना है।

# भक्ति का मार्ग सहज सरल और आत्मा को मोक्ष की और ले जाने वाला है- पट्टाचार्य विनीत सागर

## शांति धारा और शांति विधान कर आत्म कल्याण और विश्व शांति की करी कामना

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** जैन समाज डीग द्वारा जैन पट्टाचार्य विनीत सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में तीन दिवसीय चातुर्मास निष्ठापन कार्यक्रमों के दूसरे दिन शनिवार को पुरानी सब्जी मंडी स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भव्य शांति विधान का आयोजन किया गया। प्रातः 7 बजे सामूहिक श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा और नित्य पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आत्मकल्याण एवं विश्व शांति की कामना की। इसके उपरांत जैन पंडित पुनीत शास्त्री और प्रसिद्ध भजन गायक दौलतराम एंड पार्टी के सान्निध्य में श्री 1008 पार्श्वनाथ विधान संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रवचन देते हुए पट्टाचार्य विनीत सागर महाराज ने भक्ति को जीवन का सर्वोच्च मार्ग बताते हुए कहा कि भक्ति वह दीप है जो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर



कर आत्मा को उसके वास्तविक स्वरूप से परिचित कराती है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य भक्ति में लीन होता है, तब उसका मन शांत, स्थिर और निर्मल बन जाता है। भक्ति का मार्ग सरल, सहज और आत्मा को मोक्ष की ओर ले जाने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि भक्ति मनुष्य के भीतर करुणा, क्षमा और अहिंसा जैसे दिव्य गुणों का विकास करती है। सांसारिक जीवन में चाहे कितना भी तनाव, संघर्ष या दुःख क्यों न हो, भक्ति व्यक्ति को आंतरिक शक्ति प्रदान कर उसे संतुलित रखती है। महाराज श्री ने कहा कि भक्ति केवल मंदिर तक सीमित साधना नहीं, बल्कि यह जीवन का व्यवहार है। प्रत्येक कर्म, वचन और विचार में भक्ति का भाव रखने वाला व्यक्ति ही वास्तविक अर्थों में भव्य और पुण्यवान कहलाता है। सायं 5 बजे गुरु भक्ति, प्रश्न मंच, पुरस्कार वितरण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को आध्यात्मिक रंग से भर दिया। कार्यक्रम में जैन समाज के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद जैन, महामंत्री वीरेंद्र जैन, चातुर्मास समिति अध्यक्ष सुशील कुमार जैन, संयोजक योगेश जैन, धर्मेंद्र जैन, तारा चंद जैन, पदम जैन, अशोक जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित रहे। आज रविवार को श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली जावेगी तदोपरांत पिच्छिका परिवर्तन और सामूहिक भोज का आयोजन किया जाएगा।

# महिला उद्यमिता केवल आर्थिक सशक्तिकरण का साधन नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के सामाजिक पुनर्निर्माण का आधार-शामिक सुंदर दास

## वर्ल्ड बैंक, कॉर्पोरेट संस्थाएं, विश्वविद्यालयों, बैंको और स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी

### दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला निर्मती का समापन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** मंजरी फाउंडेशन द्वारा आयोजित उद्यमिता से भविष्य गढ़ती महिलाएं नामक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन निर्मती संकल्प पत्र के साथ समाप्त हुआ। कार्यशाला का मूल उद्देश्य 'निर्मती' पहल के माध्यम से महिला उद्यमिता को नीतिगत समर्थन, वित्तीय संसाधन और तकनीकी सहायता प्रदान करना रहा। समापन सत्र में 'निर्मती घोषणा-पत्र' जारी किया गया, जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर महिला उद्यमिता हेतु समन्वित प्रयासों का आह्वान किया गया है। वर्ल्ड बैंक के ग्रामीण विकास के वरिष्ठ विशेषज्ञ शामिक सुंदर दास ने अपने उद्बोधन मे कहा कि महिला उद्यमिता केवल आर्थिक सशक्तिकरण का साधन नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के सामाजिक पुनर्निर्माण का आधार है। विश्व बैंक के अनुभव से हमने देखा है कि एक सशक्त स्वयं सहायता समूह न केवल परिवार की आय दोगुनी करता है, बल्कि पूरे गांव की निर्णय प्रक्रिया को बदल देता है। 'निर्मती' जैसी पहलें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और मनरेगा के साथ समन्वय करके 1 बिलियन से अधिक के निवेश को सही दिशा दे सकती हैं। हम वचनबद्ध हैं कि अगले तीन वर्षों में 1000 महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों को तकनीकी, वित्तीय और डिजिटल मार्केटिंग सहायता प्रदान करेंगे। यह घोषणा-पत्र केवल दस्तावेज नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की नई अर्थव्यवस्था का ब्लूप्रिंट है। इस मंच पर राजस्थान एवं अन्य राज्यों की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 450 सशक्त महिलाएं, विभिन्न सरकारी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, डिजिटल मार्केटिंग एवं वित्तीय समावेशन के क्षेत्रों के प्रख्यात विशेषज्ञ, बैंक, सीएसआर इकाइयां, गैर-सरकारी संगठन तथा सामुदायिक संस्थाएं एकत्रित हुईं। सभी ने समावेशी ग्रामीण विकास के लिए अंतर-क्षेत्रीय, क्षेत्रीय अनुभव एवं नीतियां साझा कीं। विशेषज्ञ पैनल में मल्लिका श्रीवास्तव, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, सेंटर फॉर माइक्रोफाइनेंस जयपुर एवं रीजिनल मैनेजर, रंग दे की कोफाउंडर स्मिता राम, टाटा ट्रस्ट, यू एन वुमेन की राजस्थान की स्टेट कोर्डिनेटर मुक्ता अरोरा, वर्ल्ड बैंक प्रतिनिधि शोविक मित्रा, किसान से के फाउंडर नितिन पुरी, केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मथुरा के डॉ अनुपम कृष्ण दीक्षित जैसे विशेषज्ञ शामिल हुए।



# कराटियंस एकेडमी में ताइक्वांडो खिलाड़ियों को हुआ बेल्ट वितरण समारोह

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** इंदिरा नगर, हीरादास स्थित कराटियंस स्पोर्ट्स एकेडमी में ताइक्वांडो खिलाड़ियों को बेल्ट देकर सम्मानित किया गया। निदेशक ओंकार पंचोली ने बताया कि ताइक्वांडो खिलाड़ियों के सम्मान के लिए कलर बेल्ट वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें गिरधारी तिवारी, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा के मुख्य आतिथ्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता कराटियंस संस्था के अध्यक्ष अतुल मित्तल सीए ने की व विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश सिंघल, जिलाध्यक्ष सर्वसमाज रहे।

एनआईएस ताइक्वांडो कोच प्रतीक शर्मा के नेतृत्व में ताइक्वांडो खिलाडियों ने एडवांस किक व तकनीकों का प्रदर्शन किया। वहीं एनआईएस जूडो कोच अली शेर के नेतृत्व में जूडो खिलाड़ियों ने जूडो तकनीकों का हैरतअंगेज प्रदर्शन कर अतिथियों का मन मोह लिया। ओंकार पंचोली ने बताया कि ताइक्वांडो में मनस्वी, कौशिक फौजदार, युवांश रावत, देव्यांश जोशी को येलो बेल्ट, ग्रीन बेल्ट में गार्गी सिंह, हेमाद्री सिंह, चेतना मुद्गल, शैव्या बंसल, अथर्वी शर्मा, पार्थवी शर्मा को ग्रीन बेल्ट व शिव्यांश मीणा, लक्ष्य बंसल को ग्रीन वन बेल्ट प्रदान की गई और अर्जुन सिंह को ब्लैक बेल्ट पहनकर सम्मानित किया गया।



मुख्य अतिथि गिरधारी तिवारी ने कहा कि संस्था के खिलाड़ी आज खेल के द्वारा अपना करियर ही नहीं बना रहे हैं अपितु एक स्वच्छ समाज और देश का निर्माण कर रहे हैं।

## मंदिर बचाने ग्रामीणों का आंदोलन तेज, माफिया पर कार्रवाई की मांग



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** आमेट थाना क्षेत्र की माद पंचायत के दाँतडा गांव में अवैध फेल्सपार खनन और लगातार हो रही ब्लास्टिंग से गांववासी बेहद परेशान हैं। खनन माफिया द्वारा की जा रही इस अवैध गतिविधि से गांव के पास स्थित दो प्राचीन मंदिरों में दरारें आ गई हैं और संरचना को भारी नुकसान पहुंच रहा है। धार्मिक धरोहर को बचाने के लिए अब ग्रामीण एकजुट हो गए हैं।कई बार शिकायतें करने के बावजूद जब अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कोई सुनवाई नहीं की, तो शनिवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण राजसमंद कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा से मुलाकात कर पूरा मामला विस्तार से बताया और खनन रोकने की मांग की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर हसीजा ने तत्काल प्रभाव से आमेट माइनिंग इंजीनियर को मौके का पर्चा बनाने, स्थिति की जांच करने और अवैध खनन कार्य को तुरंत बंद करवाने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक भावना आहत करने वाले ऐसे प्रकरण बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

## पूर्व सैनिक की पुण्यतिथि पर 72 यूनिट हुआ रक्तदान संग्रहण



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन द्वारा संचालित सोनाली हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सैंटर नारायणपुर रोड़ बानसूर में स्वेच्छिक रक्तदान शिविर में 72यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। वहीं सैकड़ों मरीजों ने अपनी निःशुल्क जाँच करवाकर परामर्श शिविर का लाभ उठाया।इस शिविर का आयोजन पूर्व सैनिक स्व. हवलदार बीरबल मीणा की 23वीं पुण्यतिथि पर हुआ। शिविर का उदघाटन निदेशक अंजू जयसिंह मीणा एवं चिकित्सा प्रभारी डॉ सुभाष चन्द यादव ने फीता काटकर किया।शिविर के सुभारम्भ से पूर्व मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन के विधार्थियों ने स्व. हवलदार बीरबल मीणा की प्रतिमा पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं पूर्व सैनिक की गरिमामयी स्मृति का स्मरण कर व गायत्री मन्त्र का जाप भी किया। इस मौके पर निदेशक अंजू जयसिंह मीणा ने स्वयं भी रक्तदान किया।शिविर में मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन के स्टॉफ सहित काफ़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। यह जानकारी सूचना एवं प्रसारण प्रभारी धर्मेन्द्र सैनी ने दी।

## लावारिस महिलाओं के लिए सुरक्षित स्थान है अपनाघर आश्रम



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** एक लावारिस महिला को, जो अपना नाम सोनिया बताती है एवं जिसकी उम्र लगभग 36 वर्ष है, पुलिस थाना बगड़ तिराहा अलवर ने सरिया का बास के पास रोड पर से लावारिस एवं असहाय अवस्था से लाकर अपनाघर आश्रम महिला वैशाली नगर अलवर में सेवा और उपचार हेतु भर्ती कराया है। अपनाघर आश्रम विवेकानंद नगर अलवर के अध्यक्ष सतीश सारस्वत ने बताया कि अपनाघर असहाय पीडित लावारिस मानव की सेवार्थ निःशुल्क भोजन, आवास, वस्त्र एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराता है तथा पुनर्वासित करने का प्रयास करता है। सैकड़ों महिला एवं पुरुषों को पुनर्वासित किया जा चुका है।

## जैन श्रद्धालुओं ने सजल नेत्रों से गुरुवरों को अलवर से कराया विहार



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर मुंशी बाजार से मंगल विहार गुरुदेव का शुक्रवार को जैन समाज के ढाई सौ से तीन सौ व्यक्ति विहार में मौजूद रहे।ऐतिहासिक चातुर्मास के पश्चात अलवर की धर्म नगरी में गुरुदेव के प्रति इतना उत्साह और उमंग था विदाई समारोह के प्रोग्राम में आज जैन जैन समाज के सभी आनंदित बंधुओं की आंखें भर आई। गुरुदेव के विहार को देखकर। उपाध्याय श्री वृषभानंद - विज्ञानंद जी मुनिराज के सानिध्य में धर्म नगरी अलवर में भव्य चातुर्मास का आयोजन हुआ था।

## जनजाति गौरव दिवस पर प्रभातफेरी

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर पंचायत समिति राजगढ़ एवं नगर पालिका राजगढ़ के द्वारा प्रभात फेरी(शोभा यात्रा) का आयोजन नगर पालिका राजगढ़ से मेले के चौराहे होते हुए पंचायत समिति राजगढ़ तक किया गया। इस रैली में भाजपा एसटी मोर्चा अलवर (दक्षिण) के जिला महामंत्री रूपनारायण मीणा, अति. विकास अधिकारी हरफूल मीना, महेश चन्द्र, श्याम प्रकाश तिवाड़ी, सुबे सिंह शर्मा सहा. विकास अधिकारी, कालूराम, राजेंद्र मीणा, नीरज शर्मा, कृष्ण मुरारी सहित नगर पालिका के कर्मचारियों ने भाग लिया।

**'अलवर सांसद खेल उत्सव' में हुए रोमांचक फाइनल मुकाबलें**

# देश का भविष्य खेल के मैदानों और पुस्तकालयों से होकर निकलता है : केंद्रीय मंत्री यादव

**देश के नामचीन खिलाडिय़ों ने किया खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन, विजेता खिलाड़ियों को मेडल व ईनामी राशि प्रदान कर किया सम्मानित**

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने शनिवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 के फाइनल मुकाबलों में शिरकत कर खिलाडियों की हौसला-अफजाई की तथा विजेता खिलाडियों को मेडल पहनाकर व ईनामी राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया।

फाइनल मुकाबलों में कबड्डी, खो-खो, बॉक्सिंग, बेडमिंटन, योगा, कुश्ती, एथलेटिक्स, रस्सा-कस्सी, लंबी कूद, शॉट पुट, वॉलीबॉल व बास्केटबॉल खेलों खिलाडियों ने पूरे उत्साह के अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इस दौरान वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) श्री संजय शर्मा, रेसलिंग सुपरस्टार योगेश्वर दत्त, बबीता फोगाट तथा पन्ना के राजपरिवार से महारानी कृष्णा कुमारी व जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।




केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन फीट इंडिया की प्रेरणा से अलवर सांसद खेल उत्सव और अलवर टाइगर मैराथन जैसे आयोजन कराए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की सोच के अनुरूप युवाओं को खेल के मैदान से जोडकर देश के लिए मेडल लाने तक के सफल में सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार सांसद खेल उत्सव 2.0 में उत्साह के साथ 35 हजार से अधिक खिलाडियों ने भाग लिया है। विजेता खिलाडियों को सांई के प्रशिक्षकों द्वारा दो चरणों में खेल प्रशिक्षण प्रदान कर उनके खेलों को निखारने का काम किया जाएगा। वन राज्यमंत्री शर्मा ने अलवर की खेल प्रतिभाओं को खेल मंच प्रदान कर उनके खेल को निखारने हेतु अलवर सांसद खेल उत्सव का आयोजन कराने के लिए केंदीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अलवर ने देश को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाडी दिए हैं जिन्होंने विश्व पटल पर अलवर का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा कि अलवर सांसद खेल उत्सव तथा ई-लाइब्रेरी के माध्यम से केंद्रीय मंत्री यादव द्वारा अलवर में खेल कल्चर को बढाने के साथ-साथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके इस दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

**हस्तशिल्प मेला, चिकित्सा शिविर व दुग्ध उत्पादक सम्मेलन रहा आकर्षण का केंद्र :** इस अवसर पर वी-शक्ति ट्रस्ट के तत्वावधान में महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) द्वारा लगाए गए हस्तनिर्मित उत्पाद जैसे टेराकोटा, मोजरी, लाख की चूडियां, बाजरे से निर्मित उत्पाद, मसालें जैसे उत्पादों की स्टॉलों का केंद्रीय मंत्री यादव ने निरीक्षण भी किया और महिलाओं से बातचीत की तथा महिला एसएचजी द्वारा तैयार की गई चाय की चुस्की ली। कार्यक्रम में मंच संचालन लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने किया। इस दौरान बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव, रामगढ़ विधायक श्री सुखवंत सिंह, बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत, बांदीकुई विधायक श्री भागचंद टाकडा, जिला प्रमुख श्री बलबीर सिंह छिल्लर, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, सरस डेयरी चैयरमैन नितिन सांगवान, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता व महासिंह चौधरी, पूर्व विधायक रामहेत यादव, जयराम जाटव, मामनसिंह यादव, राजेन्द्र गंडूरा, प्रधान दौलतराम जाटव व वीरमती देवी, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, संजय नरूका, मोहित यादव, बन्नाराम मीणा, इन्द्र यादव, देशराज खरेरा, कोच उमराव सैनी, श्री सतीश यादव, जितेन्द्र राठौड, रमेश रावत तथा देश व प्रदेश की विभिन्न क्षेत्रों की नामचीन हस्तियों सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, बडी संख्या में खिलाडी एवं आमजन मौजूद रहे।

## 17वीं जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** पंचायत समिति के सकट क्षेत्र के राजपुर बड़ा गांव में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में चल रही 17वीं जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन राजगढ़ ब्लाक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना के मुख्य आतिथ्य में हुआ। आयोजन में जूनियर एवं सीनियर वर्ग में कबड्डी खो-खो वॉलीबॉल बैडमिंटन रस्सा कस्सी एथलेटिक्स एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में नाटक मंचन गायन, सामूहिक नृत्य, विचित्र वेशभूषा आदि का आयोजन किया गया। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीणा ने प्रतियोगिता के माध्यम से बालिकाओं को खेल खेल की भावना से खेलने आपसी



समन्वयक एवं सहभागिता अपने एवं सहयोग की भावना विकसित करने की बात कही। वहीं राउमावि राजपुर बड़ा के पीईईओ प्यारेलाल जाटव ने प्रतियोगिता समापन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक बनवारी लाल शर्मा व भूपेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि सीनियर वर्ग कबड्डी में केजीबी वीं राजपुर बड़ा प्रथम, पिनान द्वितीय व चंडीगढ़ तृतीय स्थान पर रही वहीं कबड्डी में जूनियर वर्ग में केजीबीवीं प्रतापगढ़ प्रथम, राजपुर बड़ा द्वितीय व पिनान तृतीय स्थान पर रही। खो-खो जूनियर वर्ग में राजपुर बड़ा प्रथम, तुसारी द्वितीय व सीनियर वर्ग में राजपुर बड़ा प्रथम व पिनान द्वितीय स्थान पर रही। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग एकल नृत्य में चनिया का बास प्रथम, राजपुर बड़ा द्वितीय स्थान पर रहा। सीनियर वर्ग एकल नृत्य में राजपुर बड़ा प्रथम व पिनान द्वितीय स्थान पर रहा।

## बाल दिवस पर भारतीय विद्या पीठ में लगा बाल मेला, बच्चों ने दिखाया हुनर

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के कारोठ रोड़ पर स्थित भारतीय विद्या पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को बाल मेले का आयोजन बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के हुआ। बाल मेले में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार की स्टॉल लगाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार सैन ने बताया कि इस दौरान बच्चों के द्वारा साइंस प्रोजेक्ट बनाकर उनका प्रदर्शन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

बच्चों ने मेले में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने दुकानें सजाईं। जिसमें



अभिभावकों की भीड़ जुटी। बेहतर बिक्री होने पर बच्चों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार सैन व स्टाफ ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से अत्यधिक प्रेम करते थे, इसलिए उनका जन्मदिन पूरे देश में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। बाल मेले में विभिन्न खेल, कला प्रदर्शनी, विज्ञान एवं क्राफ्ट मॉडल, खाद्य स्टॉल, झूले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बच्चों को आकर्षित किया। बच्चों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मेले में अभिभावकों ने भी पहुंचकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उनके प्रयासों की सराहना की।

## मातृ सम्मेलन में महिलाओं ने कुटुंब प्रबोधन व स्वदेशी को बनाया परिवर्तन का आधार



बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। संस्कारों की जननी ही राष्ट्र की संरक्षिका इस संदेश के साथ देवगढ़ में सप्त शक्ति संगम मातृ सम्मेलन संपन्न हुआ। विद्या भारती राजस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर गहन मंथन हुआ। पंचायत समिति अध्यक्ष कल्पना कंवर चुंडावत, मुख्य अतिथि भावना कुमारी, प्रेमलता और मुख्य वक्ता जिला संयोजिका भावना पालीवाल सहित कई शिक्षिकाएँ और समाजसेवी महिलाएँ कार्यक्रम में शामिल हुईं।

मुख्य वक्ता पालीवाल ने अपने संबोधन में कहा नारी केवल परिवार की संरक्षक न बनकर राष्ट्र-चेतना की वाहक भी बने। मातृशक्ति के जागरण से बड़ा कोई राष्ट्रसंगम नहीं। जब मां राष्ट्रहित का संस्कार देती है, तभी समाज जागता है।

## श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने बरसाए फूल

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर।** पंचायत समिति क्षेत्र के मोतीवाड़ा गांव के कुट्टी की तलाई में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भगवत कथा के छठे दिन शनिवार को कथा व्यास भागवत आचार्य बनवारी बापूजी ने श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का अत्यंत मनमोहक और दिव्य प्रसंग सुनाया। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण और रूक्मणी का विवाह धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान आचार्य बनवारी बापूजी ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। भारी संख्या में भक्तगण दर्शन हेतु शामिल हुए। कथा के दौरान कथा वाचक महाराज ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। भागवत कथा के छठे दिन कथा स्थल पर रूकमणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रुकमणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है कथा श्रवण के दौरान स्थानीय महिलाओं पर पांडवों के भाव अवतरित हुए कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपारशक्ति रहती है यदि कोई कमी रहती है वह मात्र संकल्प की होती है संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। उन्होंने महारास लीला उद्धव चरित्र कृष्ण मथुरा गमन और रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर विस्तृत विवरण दिया। रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुकमणी के भाई रुकमि ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था। लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगे। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है और द्वारिकाधीश भगवान कृष्ण सत्य मार्गी है इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपना एगी अंत भगवान द्वारकाधीश जी ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया और उन्हें पत्नि के रूप में वरण करके प्रधान पटरानी का स्थान दिया। रुक्मणी विवाह प्रसंग पर आगे कथावाचक ने कहा इस प्रसंग को श्रद्धा के साथ श्रवण करने से कन्याओं को अच्छे घर और वर की प्राप्ति होती है और दांपत्य जीवन सुखद रहता है। उन्होंने कहा कि रूक्मिणी विवाह हमें सिखाता है कि निस्वार्थ प्रेम और सच्ची भक्ति ही ईश्वर तक पहुंचने का एकमात्र मार्ग है।

**अलवर प्रवेश उद्यान शहर को सुन्दर व आकर्षक बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास : यादव**

# केंद्रीय वन मंत्री यादव एवं वन राज्यमंत्री शर्मा ने किया 39.30 लाख की लागत से विकसित किए गए अलवर प्रवेश उद्यान का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव तथा वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा ने शनिवार को टेल्को चौराहे के पास नगर विकास न्यास द्वारा 39.30 लाख रूपये की लागत से विकसित किए गए अलवर प्रवेश उद्यान का लोकार्पण किया। केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि अलवर शहर को स्वच्छ व हराभरा बनाना हमारी पहली प्राथमिकता है। सभी अलवरवासियों के सहयोग से इस कार्य को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर विकास न्यास द्वारा अलवर शहर के चारों प्रवेश द्वारों के साथ-साथ शहर को अन्दर से भी सुन्दर व आकर्षक बनाने की दिशा में निरन्तर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 39.30



लाख रूपये की लागत से विकसित किए गए अलवर प्रवेश उद्यान पर ग्रीन स्पेस, छोटा पार्क, स्टेज मय आकर्षक वॉल बनाकर सौन्दर्यकरण का कार्य किया गया है, इससे शहर की सुन्दरता व भव्यता में वृद्धि होगी। साथ ही वाद्ययन्त्रा बजाते एवं नृत्य करते हुए कलाकारों की प्रतिमाएं भी लगाई गई है जो कि शहर में प्रवेश करने वाले आगन्तुकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि टेल्को सर्किल पर विकसित अलवर प्रवेश द्वार स्वच्छ और सुन्दर की तरफ बढता हुआ कदम है। उन्होंने कहा कि शहर को आकर्षण स्वरूप प्रदान करने के लिए सभी दिशाओं में भव्य प्रवेश द्वार बनाकर अलवर को विशिष्ट रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणाओं में अलवर शहर को विशेष तरजीही दी गई है। साथ ही केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के द्वारा अलवर को लगातार सौगातें दी जा रही है। इस अवसर पर जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, यूआईटी के भूमि अवाप्ति अधिकारी जितेन्द्र सिंह नरूका, जयराम जाटव, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, संजय नरूका, बन्नाराम मीणा, मोहित यादव, श्री जितेन्द्र राठौड, सतीश यादव, जितेन्द्र सैनी, राजेन्द्र कसाणा, संदीप दायमा, श्रीमती सुमन चौधरी, मीना सैनी सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## जोधपुर में डंपर ने बाइक सवारों को कुचला, 2 की मौत

### एक युवक उछलकर सड़क पर, दूसरा झाड़ियों में गिरा; फरार हो गया ड्राइवर

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** जोधपुर में एक डंपर ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर डंपर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है। बोरानाडा थाना क्षेत्र के भांडू फींच रोड पर शाम 6:30 के करीब यह हादसा हुआ। थाना अधिकारी शकील अहमद ने बताया- बाइक सवार 2 युवक भांडू की तरफ आ रहे थे, जबकि डंपर भांडू से फींच की तरफ जा रहा था। इसी दौरान डंपर ने बाइक को चपेट में ले लिया, जिससे बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है, जबकि फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, हादसे में मरने वाले दोनों युवक काम से लौट रहे थे। पुलिस ने दोनों के शवों को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। मरने वालों की पहचान शेरसिंह (31) और परब सिंह (45) के रूप में हुई है। शेरसिंह दौसा जिले की महवा तहसील के नहीरा गांव का रहने वाला था, जबकि परब सिंह करौली जिले के श्री महावीरजी थाना क्षेत्र के पटोंदा गांव का रहने वाला था।

## लुधियाना में हीरो रियलिटी कंपनी के डायरेक्टर मुंजाल पर एफआईआर

बढ़ता राजस्थान

**लुधियाना।** लुधियाना में हीरो रियलिटी प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर सुनील कांत मुंजाल और सेल्स हेड निखिल जैन के खिलाफ दर्ज की गई है। मामला फ्लैट्स के नाम पर धोखाधड़ी का है। थाना सराभा नगर में दर्ज कराई गई एफआईआर में शिकायतकर्ता का आरोप है कि कंपनी ने 4 फ्लैट्स के नाम पर 2.40 करोड़ रुपए ले लिए, लेकिन समय से काम पूरा नहीं किया। जब उसने शिकायत की तो कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे उसे मानसिक और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। फिलहाल, शिकायत पर पुलिस ने कंपनी के डायरेक्टर और सेल्स हेड के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

#### 4 फ्लैट के 2.40 करोड़ रुपए लिए

लुधियाना के न्यू माधोपुरी निवासी फालिताश जैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने हीरो होम्स, लुधियाना प्रोजेक्ट में कंपनी से चार 4 फ्लैट खरीदे थे। फ्लैट खरीदने के लिए कंपनी हीरो रियलटी प्राइवेट लिमिटेड दफ्तर ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेट नई दिल्ली में करीब 2 करोड़ 41 लाख 13 हजार 602 रुपए का भुगतान किया था। इसकी सभी रसीदें भी उसके पास है।

## सरकारी हॉस्पिटलों के डॉक्टरों की प्रेक्टिस बंद करने का विरोध:एसोसिएशन ने कहा- सरकार का यह कदम क्लिनिकल चिकित्सकों को हाशिये पर धकेलने वाला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सरकारी मेडिकल कॉलेजों के प्रिंसिपल और हॉस्पिटलों के अधीक्षकों के प्रेक्टिस बंद करने के फैसले का विरोध शुरू हो गया। राजस्थान मेडिकल कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन ने सरकार के इस फैसले को क्लिनिकल चिकित्सकों को हाशिये पर धकेलने वाला बताया। साथ ही अधीक्षक, प्रिंसिपल पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन की अधिकतम 57 साल की आयु का नियम नेशनल मेडिकल कमीशन के नियमों के खिलाफ बताया।

आरएमसीटीए के स्टेट कोऑर्डिनेटर और स्पोकपर्सन डॉ. प्रवीण जोशी ने कहा- निजी प्रैक्टिस पर प्रतिबंध लगाना अव्यावहारिक है। सरकारी ड्यूटी पूरी करने के बाद अनुभवी चिकित्सक ह्क्क त्यागकर नियमों का पालन करते हुए जनसेवा के रूप में निजी प्रैक्टिस करते हैं, जिससे ऐसे हजारों मरीज जिन्हें दिन में हॉस्पिटल आना संभव नहीं होता, शाम को उपचार प्राप्त कर पाते हैं। आवेदन की अधिकतम आयु 57 साल निर्धारित करना न केवल अव्यवहारिक बल्कि असंवैधानिक भी है, जबकि रिटायरमेंट की आयु 65 साल है।

## दिल्ली ब्लास्ट से पहले उमर ने नूंह में कमरा लिया

### फरीदाबाद अल-फलाह यूनिवर्सिटी के इलेक्ट्रिशियन ने दिलाया; 10 दिन यहीं रुका आतंकी

बढ़ता राजस्थान

**फरीदाबाद।** दिल्ली ब्लास्ट में विस्फोटक के साथ खुद को उड़ाने वाले फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. उमर नबी ने नूंह में किराए पर कमरा लिया था। यह कमरा दिल्ली-अलवर रोड पर हिदायत कॉलोनी में है। ब्लास्ट से पहले उमर 10 दिन यहीं रहा। मकान एक महिला का है, फिलहाल इस पर ताला लटका हुआ है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 10 नवंबर को उमर यहीं से द्व-20 कार में विस्फोटक लेकर निकला था। यह घर अल-फलाह यूनिवर्सिटी के इलेक्ट्रिशियन शोएब की साली का है। शोएब पहले ही पुलिस हिरासत में है। शोएब ने ही 10 दिन के लिए उमर को यह कमरा दिलाया था। शोएब की साली मूल रूप से नूंह के गोलपुरी गांव की रहने वाली है। उसकी ससुराल खिल्लुका गांव में है। वहीं वाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल (आतंकियों का ग्रुप) सामने आने के बाद अल-फलाह यूनिवर्सिटी के खिलाफ दिल्ली में 2 स्नङ्कक्रदर्ज की गई हैं। पहला केस नियम तोड़ने से जुड़ा है, जबकि दूसरा केस यूनिवर्सिटी द्वारा गलत तरीके से मान्यता लेने का है।

## ओबीसी आयोग के जनसंवाद कार्यक्रम में जिलेवार रिपोर्ट होगी तैयार

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बनी राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग की ओर से संभाग मुख्यालयों पर जनसंवाद कार्यक्रम किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्य में मौजूद अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के पिछड़ेपन की प्रकृति, उनकी समस्याओं को जानना और उसकी जांच कर उसकी अध्ययन रिपोर्ट तैयार करके राज्य सरकार को सौंपना है। ताकि सरकार पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकायों के चुनावों में ओबीसी आरक्षण के संबंध में अनुशंसा प्रस्तुत कर सके। इसके लिए आयोग की ओर से संभागीय मुख्यालयों पर आमजन से संवाद के लिए कार्यक्रम तय किया है। इसकी शुरूआत 17 नवंबर से जोधपुर जिले से होगी। इसमें संभाग के तमाम जिलों के नगरीय निकायों और जिला परिषद, पंचायत समितियों के पूर्व और वर्तमान जनप्रतिनिधि (सदस्य, अध्यक्ष, प्रमुख) के अलावा विधायक और सांसदों को शामिल किया जाएगा।



# आदिवासी समाज के गौरव भगवान बिरसा मुंडा हमारे प्रेरणास्त्रोत

## राज्य सरकार जनजातीय विकास के लिए संकल्पित -मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनजाति समुदाय ने सदियों से प्रकृति, संस्कृति, साहस और सत्य के मार्ग को जीवंत रखा है। राजस्थान के हृदय में सबसे जीवंत और प्रखर धारा के रूप में हमारे आदिवासी भाई-बहन हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का इतिहास संघर्ष से भरा है, लेकिन उससे भी अधिक गौरवपूर्ण है। इन्होंने जल, जंगल और जमीन के साथ संतुलन बनाकर विश्व को जीना सिखाया है। त्योहार, गीतों और परम्पराओं से राजस्थान की पहचान को समृद्ध बनाया है। उन्होंने कहा कि जनजातियों के नृत्य में ताल ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों की कहानियां समाहित हैं। इसी प्रकार, त्योहारों में रंग ही नहीं, आदिवासी गौरव की चमक भी बसती है। राज्य सरकार इन परम्पराओं को संजोने के साथ ही दुनिया के सामने गर्व से पेश करेगी। राज्य सरकार जनजाति कल्याण के लिए कृत-संकल्पित है।

शर्मा शनिवार को डूंगरपुर के श्री भोगीलाल राजकीय महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब हम भगवान बिरसा मुंडा को याद करते हैं, तब हमें प्रदेश के उन अमर जननायकों का भी स्मरण करना चाहिए, जिन्होंने इस धरती को वीरता और बलिदान से पवित्र किया। गोविंद गुरु ने मानगढ़ की पहाड़ियों पर भील समाज को संगठित कर भगत आंदोलन का नेतृत्व किया। इसी प्रकार, वीर बालिका कालीबाई ने महज 12 वर्ष की आयु में अपने गुरु की रक्षा के लिए बलिदान दिया।

#### प्रधानमंत्री विकास को बना रहे सर्वांगीण, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी-

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 'विकास को सर्वांगीण, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी बनाने के लिए निरन्तर कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में जनजातीय समाज के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं, जो नए भारत की आधारशिला बन रहे हैं। देश भगवान बिरसा मुंडा के नि:स्वार्थ त्याग और राष्ट्रसेवा के लिए सदा ऋणी रहेगा, प्रधानमंत्री का यह वाक्य केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प है कि हम धरती आबा के आदर्शों के मार्ग पर निरंतर चलते रहेंगे।

#### जनजातीय बालिकाओं ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किया देश का प्रतिनिधित्व-

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय समाज के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। छात्रावासों में मैस भत्ता ढाई हजार से बढ़ाकर 3 हजार 250 रुपये प्रतिमाह, खेल अकादमियों में मैस भत्ता 2 हजार 600 से बढ़ाकर 4 हजार रुपये प्रति माह किया गया है। साथ ही, 232 नए मा-बाड़ी केंद्रों की स्थापना कर स्टाफ के मानदेय में दो वर्षों में लगातार 10-10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि की गई है। 8 लाख 39 हजार जनजाति किसानों को मुफ्त संकर मक्का बीज वितरण किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में जनजाति कृषकों को 2 लाख 36 हजार मिनिकिट वितरित किए गए हैं। प्रदेश के 9 जिलों में 530 वन धन विकास केंद्रों का गठन कर डेढ़ लाख से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत लगभग 5 हजार जनजातीय युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है।

#### वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण, बोस और पटेल ने स्वतंत्रता के लिए सर्वस्व किया समर्पित-

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का है। साथ ही, राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने का भी है। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की यह रचना सिर्फ गीत नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रभक्ति की आत्मा है। इसने स्वतंत्रता संग्राम के प्रत्येक सेनानी के हृदय में जोश और आस्था की ज्वाला प्रज्वलित की। श्री शर्मा ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा से लेकर सुभाष चंद्र बोस और सरदार वल्लभभाई पटेल तक सभी ने इसी भावना से शक्ति पाई, और भारत माता की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने जिस दूरदृष्टि और अदम्य साहस से देश की 562 रियासतों का एकीकरण किया, वह भारत की अखंडता की नींव है। उनके नेतृत्व में भारत केवल राजनीतिक रूप से नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से भी एक राष्ट्र बना। उनकी वही एकता की भावना आज धरती आबा बिरसा मुंडा के आदिवासी स्वाभिमान के संदेश से जुड़कर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को सशक्त बनाती है।

### प्रधानमंत्री की पहल से जनजातीय समुदायों का हो रहा सामाजिक-आर्थिक विकास-

शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद दशकों तक जनजाति समाज के योगदान को वह सम्मान नहीं मिला, जिसका वह हकदार है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2021 से हर वर्ष 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की। उनकी यह पहल इन समुदायों के महान योगदान, बलिदान और गौरवशाली विरासत को सच्चा सम्मान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र के साथ जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा से जोड़कर उनका विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्रधानमंत्री ने गत वर्ष 2 अक्टूबर को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया। इस अभियान के माध्यम से बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका जैसी कमियों को दूर कर जनजातीय समुदायों का समग्र और सतत विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी तरह पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) शुरू कर कमजोर जनजातीय समूहों का सामाजिक-आर्थिक विकास भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

### भगवान बिरसा मुंडा ने देश में जनक्रांति की लौ जलाई-

शर्मा ने कहा कि 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलिहातु गांव में जन्मे भगवान बिरसा मुंडा ने अल्पायु में ही अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष का बिगुल बजा दिया। सामाजिक असमानता और अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचारों ने उनके अंतर्मन को विद्रोह से भर दिया। केवल 15 वर्ष की आयु में उन्होंने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और 25 वर्ष की आयु में 'उलगुलान आंदोलन' का नेतृत्व कर पूरे देश में जनक्रांति की लौ जलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आंदोलन ने देखते ही देखते पूरे संथाल परगना और छोटा नागपुर में क्रांति का रूप ले लिया, जिससे अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिल गई। आंदोलन से अंग्रेज इतने डर गए कि उन्हें छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम, 1908 लाना पड़ा। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, एक महान समाज सुधारक भी थे।

# मोहन भागवत बोले- विकास हर व्यक्ति तक नहीं पहुंचा

## 4% जनसंख्या 80% संसाधनों का उपयोग करती है; अमीर और अमीर हो रहा, गरीब और गरीब

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में मोहन भागवत ने कहा- दुनिया की 4प्रतिशत जनसंख्या 80प्रतिशत संसाधनों का उपयोग करती है, जबकि 96प्रतिशतलोग इससे वंचित हैं। विकास हो रहा है, लेकिन जिनके लिए हो रहा है, वे बेहद कम हैं। उनके लिए जो संसाधन जुटते हैं, वे उन लोगों से लिए जा रहे हैं, जो विकास से बाहर रह गए हैं। भागवत ने कहा- मानव की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती जा रही है। जो मनुष्य पहले आबोहवा के उतार-चढ़ाव को सह लेता था, वह आज नाजुक हो गया है। विकास और प्रगति की बातें बहुत होती हैं, लेकिन यह सब हर व्यक्ति तक नहीं पहुंचा। एक बड़ा वर्ग आज भी सुविधाओं से दूर है

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत शनिवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम परिसर में आयोजित दीनदयाल स्मृति व्याख्यान में बोल रहे थे। उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिदृश्य एवं एकात्म मानव दर्शन' विषय पर विचार साझा किए। डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने प्रस्तावना रखी।

#### अमीर और अमीर हो रहे, गरीब और गरीब

मोहन भागवत ने कहा- असंतुलित विकास विश्व की सबसे बड़ी समस्या बन चुका है। जैसे-जैसे विकास बढ़ रहा है, अमीर और अमीर हो रहे हैं और गरीब और गरीब। यह केवल भारत की नहीं, पूरी दुनिया की स्थिति है। दुनिया के चिंतक भी यही कह रहे हैं। भागवत ने कहा- मनुष्य जाति का विकास तो हो रहा है, लेकिन राष्ट्रवाद की बढ़ती प्रतिस्पर्धा से महायुद्ध जैसी परिस्थितियां भी पैदा होती हैं।









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार